दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 235
कोटद्वार गुरूवार
29 दिसम्बर 2022, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकराई, युवक की मौत

**ऋषिकेश।** हरिद्वार-देहरादून नेशनल हाईवे पर एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकरा गई, जिसमें सवार युवक जख्मी हो गया। राहगीरों की सूचना पर आपातकालीन 108 सेवा मौके पर पहुंची, जिसके बाद घायल को एम्स में भर्ती कराया गया। गंभीर चोटें लगने की वजह से युवक को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रायवाला पुलिस के मुताबिक यह घटना मंगलवार की देर रात हुई। 30 वर्षीय भरत पुत्र किरतपाल निवासी ग्रामसभा गढ़ी मयचक, ा षिकेश देहरादून से कार में सवार होकर घर लौट रहा था।

इसी बीच तेज रफ्तार कार नेशनल हाईवे पर छिद्दरवाला में बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए। राहगीरों ने जख्मी हालत में किसी तरह से भरत को कार से बाहर निकालकर आपातकालीन 108 सेवा को सूचित किया, जिसके बाद उसे एम्स में भर्ती कराया गया।

## भारत जोड़ो यात्रा: राहुल गांधी की सुरक्षा में चूक, कांग्रेस ने अमित शाह को लिखी चिट्ठी

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** कांग्रेस ने दिल्ली में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी की सुरक्षा में सेंध लगने का दावा किया है। बुधवार को पार्टी ने गृह मंत्री अमित शाह को इस बारे में पत्र लिखा।

कांग्रेस ने कहा कि दिल्ली में 24 दिसंबर को भारत जोड़ो यात्रा की सुरक्षा में सेंध लगी और पुलिस राहुल गांधी के इर्द-गिर्द भीड़ को नियंत्रित कर घेरा बनाने में नाकाम रही।

कांग्रेस ने कहा है ऐसा तब हुआ जबकि राहुल गांधी को जेड प्लस कैटेगरी की सुरक्षा मिली है। पार्टी के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल ने पत्र में यह आग्रह भी किया कि अब आगे पंजाब और जम्मू-कश्मीर जैसे संवेदनशील राज्यों में राहुल गांधी और यात्रा की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं।

केसी वेणुगोपाल ने कहा है कि दिल्ली में 24 दिसंबर को स्थिति यह हो गई थी कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं और भारत यात्रियों को राहुल गांधी के आसपास घेरा बनाना पड़ा था। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, राजीव गांधी तथा कुछ अन्य कांग्रेस नेताओं की हत्या का जिक्र किया और कहा कि सरकार को प्रतिशोध की राजनीति में नहीं पडना चाहिए। कांग्रेस नेताओं की पूरी सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।

कन्याकुमारी से सात सितंबर को शुरू हुईभारत जोड़ो यात्रा अब तक तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा से गुजर चुकी है ।

## भालू के हमले में महिला गंभीर घायल

**चमोली।** नारायणबगड़ के सुदूरवर्ती गांव किमोली में बुधवार सुबह 11 बजे एक महिला को भालू ने हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया।

जिसे परिजनों की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नारायणबगड़ लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। क्षेत्र पंचायत सदस्य रणजीत सिंह एवं ग्राम प्रधान महिपाल नेगी ने बताया कि सुबह गांव की एक महिला भागा देवी उम्र 45 वर्ष पत्नी धीरी लाल गांव के समीप घास लाने गई थी कि अचानक भालू ने हमला कर दिया। अन्य महिलाओं की चीख पुकार के बाद भालू जंगल की ओर भाग गया।

# कोरोना की चौथी लहर आना तय, पर मौतों की आशंका कम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया में बढ़ते कोरोना संक्रमण और पिछले तीन सालों के ट्रेंड को देखें तो कोरोना की चौथी लहर आना तय माना जा रहा है। इसी खतरे को देखते हुए सरकार ने तैयारी भी शुरू कर दी है। लेकिन स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों की माने तो तीसरी लहर की तुलना में चौथी लहर और कमजोर होगी और अस्पतालों में भर्ती होने की ज्यादा जरूरत नहीं होगी। इसकी वजह से संक्रमितों के मौत की आशंका भी नहीं रहेगी। सरकार की कोशिश चौथी लहर का अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव को पूरी तरह से रोकने की है, ताकि विकास की मौजूदा रफ्तार को कायम रखा जा सके।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा पूर्वी एशियाई देशों से शुरू होने के बाद 20 से 35 दिनों के बीच भारत में कोरोना संक्रमण की लहर पहुंचने के अब तक ट्रेंड का हवाला देते हुए इसके जनवरी में कभी शुरू होने का अनुमान लगा रहे हैं। बीएफ-7 के जुलाई से भारत में मौजूद्गी के बावजूद उसके केस नहीं बढ़ने के तर्क को खारिज करते हुए वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उसके आधार पर निष्कर्ष निकालना उचित नहीं है। अभी भले ही इसका असर नहीं दिख रहा हो, लेकिन जनवरी में कभी संक्रमण तेजी से बढ़ सकता है। लेकिन वरिष्ठ अधिकारी ओमिक्रोन के ही एक वैरिएंट बीएफ-7 के कारण शुरू होने वाली लहर का भारत में ज्यादा असर पड़ने की आशंका को खारिज भी कर रहे हैं।

अधिकारी ने कहा कि भारत में कोरोना की तीसरी लहर ओमिक्रोन वैरिएंट के कारण आई थी और इस वैरिएंट ने सबसे अधिक तबाही अमेरिका में मचाई थी। पर भारत में इसका उतना असर नहीं हुआ। सामान्य इलाज से अधिकांश मरीज ठीक होते गए। इसका मूल कारण भारत में बनी वैक्सीन की कारगरता है। उन्होंने कहा कि ओमिक्रोन वैरिएंट पर भारतीय वैक्सीन सबसे अधिक कारगर साबित हुई थी और ओमिक्रोन के किसी भी वैरिएंट पर कमोवेश उतनी ही कारगर साबित होगी। वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार भारत में 97 फीसद को एक डोज, 90 फीसद को दूसरी डोज, 27 फीसद को सतर्कता डोज दिये जाने के बाद ओमिक्रोन के बीएफ-7 वैरिएंट के ज्यादा घातक होने की आशंका बहुत ही कम है।

विशेषज्ञों के अनुसार, इससे आने वाली चौथी लहर के दौरान बुखार, बदन दर्द जैसे कोरोना के सामान्य लक्ष्य वाले मरीजों की संख्या बढ़ सकती है और सामान्य दवाई से आसानी से उनका इलाज हो सकता है। लेकिन वैक्सीन और पहले के संक्रमण के कारण बनी हाईब्रीड इम्युनिटी की वजह से उन्हें अस्पताल में भर्ती कराने की कम जरूरत पड़ेगी। लेकिन सरकार कोई जोखिम नहीं लेना चाहती है, इसीलिए सभी अस्पतालों में माक ड्रील के माध्यम से डाक्टरों, बिस्तरों, दवाइयों, वेंटिलेटर, आक्सीजन, सपोर्ट स्टाफ की उपलब्धता का खाका तैयार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि चौथी लहर के दौरान संक्रमितों के इलाज के लिए यह पर्याप्त होगा।

वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सरकार चौथी लहर के दौरान मास्क समेत किसी भी कोरोना प्रोटोकाल के अनिवार्य पालन पर जोर नहीं देगी। इस बार सिर्फ लोगों के बीच जागरूकता फैलाकर कोरोना से लड़ाई होगी। उन्होंने कहा किसी भी तरह की अनिवार्यता और प्रतिबंध से आर्थिक गतिविधियां प्रभावित हो सकती है, जिसका असर भारत की विकास की रफ्तार पर पड़ेगा। इसी वजह से कोरोना से प्रभावित देशों से हवाई यातायात को भी नियंत्रित करने की कोशिश नहीं हुई है। सिर्फ चीन, जापान, हांगकांग, थाईलैंड, दक्षिण कोरिया और सिंगापुर से आने वाले यात्रियों के लिए ही कोरोना टेस्टिंग को अनिवार्य किया गया है। अन्य देश से आने वाले यात्रियों में से दो फीसद का अनिवार्य टेस्टिंग किया जा रहा है। मंगलवार तक कुल 6000 यात्रियों की टेस्टिंग हो चुकी हैं, जिनमें 39 पोजेटिव पाए गए हैं।

## मां की तबीयत का जायजा लेने के बाद अहमदाबाद से दिल्ली रवाना हुए पीएम मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबा की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें मंगलवार देर रात अहमदाबाद के यूएन मेहता अस्पताल में भर्ती कराया गया। हस्पिटल के डक्टरों की एक टीम लगातार उनके स्वास्थ्य की निगरानी कर रही है। गौरतलब है कि हीराबा के स्वास्थ्य में सुधार हो रही है। समाचार एजेंसी एएनआइ के मुताबिक, बुधवार दोपहर पीएम मोदी, मां से मिलने अस्पताल पहुंचे और उन्होंने डॉक्टरों से बातचीत करते हुए स्वास्थ्य की जानकारी ली। तकरीबन 80 मिनट तक पीएम मोदी अस्पताल में मौजूद रहे। इसके बाद पीएम मोदी दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

बता दें कि पीएम मोदी के पहुंचने से पहले गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल भी अस्पताल पहुंच गए थे। उनके साथ कैबिनेट के कई मंत्री भी थे। 100 वर्षीय हीराबेन के अस्पताल में भर्ती होने के बाद अस्पताल में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई। वहीं, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव के कैलाशनाथन यूएन मेहता अस्पताल पहुंचे। हीराबा ने जून में ही अपना 100वां जन्मदिन मनाया है।

बता दें कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी हीराबा के जल्द ठीक होने की कामना की। राहुल ने ट्वीट करते हुए लिखा, एक मां और बेटे के बीच का प्यार अनन्त और अनमोल होता है। मोदी जी, इस कठिन समय में मेरा प्यार और समर्थन आपके साथ है। मैं आशा करता हूं आपकी माताजी जल्द से जल्द स्वस्थ हो जाएं।

वहीं, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा, श्प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की माता जी के अस्वस्थ होने का समाचार प्राप्त हुआ। इस घड़ी में हम सब उनके साथ हैं। उन्होंने कहा, श्मैं ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि उन्हें जल्द स्वास्थ्य लाभ मिले।

# मुख्यमंत्री ने किया नेशनल चैंपियनशिप टिहरी वाटर स्पोर्ट्स कप का उद्घाटन

## टिहरी में होगी विश्व स्तरीय कयाकिंग कैनोइंग अकादमी की स्थापना

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने बुधवार को टिहरी झील में आयोजित नेशनल चौंपियनशिप टिहरी वाटर स्पोर्ट्स कप का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री धामी ने आयोजन स्थल पर लगे विभिन्न स्टाल्स का निरीक्षण किया साथ ही पहले सत्र की विजेता टीमों मेडल प्रदान किए। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह पहला मौका है जब टिहरी झील में राष्ट्रीय स्तर की इस खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उन्होने कहा कि आज देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में समृद्ध खेल संसति का विकास हो रहा है, हाल के दिनों में हमारे खिलाड़ियों द्वारा विभिन्न खेलों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर किए जा रहे ऐतिहासिक प्रदर्शन इसका प्रमाण हैं।

उन्होंने कहा कि खेल एक ऐसी विधा है जिसके जरिए खिलाड़ी न केवल अपना और अपने परिवार का नाम रोशन करते हैं बल्कि इससे उनके प्रदेश और देश का नाम भी रोशन होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तराखण्ड की युवा पीढ़ी के अनेकों खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश और देश का सम्मान बढ़ा रहे हैं।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य में जहां एक ओर सरकार ने नई खेल नीति लागू की है वहीं दूसरी ओर सरकार ने नौकरियों में पुनः खेल कोटा प्रारंभ करने का ऐलान भी किया है। उन्होंने टीएचडीसी का इस आयोजन हेतु आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस खेल से एक ओर जहां राज्य के युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होगा वहीं दूसरी ओर टिहरी क्षेत्र में पर्यटन का विकास भी होगा। उन्होंने कहा कि टिहरी में इस खेल के आयोजन से वाटर स्पोर्ट्स में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले देश और प्रदेश के नौजवानों में नई ऊर्जा का संचार होगा।

उन्होंने कहा कि राज्य को सर्वश्रेष्ठ बनाने के संकल्प को पूरा करना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। वर्तमान में टिहरी में पर्यटन के विकास के लिए अनेकानेक योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। टिहरी झील को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पर्यटन का केंद्र बनाने का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है।

इस दौरान अपने संबोधन में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने कहा कि खेलों को बढ़ावा केंद्र सरकार की प्राथमिकता में है। ऊर्जा मंत्रालय द्वारा यह तय किया गया है कि ऊर्जा मंत्रालय की हर एक कंपनी एक खेल को अंगीत करेगी, इसी क्रम में टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड द्वारा कयाकिंग कैनोइंग खेल को अंगीत किया गया है । केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने कहा कि टिहरी में विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त ट्रेनिंग सेंटर स्थापित किया जाएगा, जिसमें खिलाड़ियों के ठहरने से लेकर ट्रेनिंग की भी व्यवस्था की जाएगी। सिन्हा ने कहा कि इस ट्रेनिंग सेंटर में बेहतर खेल प्रतिभाओं को टीएचडीसी द्वारा विदेश में भी ट्रेनिंग दी जाएगी।



सिंह ने कहा कि पहाड़ों में हाइड्रो प्रोजेक्ट्स की अपार संभावनाएं हैं जिसको केंद्र और राज्य सरकार मिलकर आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं।

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए केंद्र और राज्य सरकार है एक साथ मिलकर काम कर रही हैं। इस दौरान टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने आयोजकों का आभार प्रकट किया।

कार्यक्रम के दौरान राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, जिला पंचायत अध्यक्ष सोना सजवाण, विधायक शक्ति लाल शाह, विनोद कंडारी, विक्रम सिंह पंवार के अलावा सचिव ऊर्जा मीनाक्षी सुंदरम, उत्तराखंड ओलंपिक एसोसिएशन के सचिव डीके सिंह, टीएचडीसी के सीएमडी आरके विश्नोई समेत विभिन्न राज्यों के 15 टीमों ने प्रतिभागी मौजूद रहे।

## उत्तर-पूर्वी हवाओं ने बढ़ाई ठंड, 150 मीटर रही विजिबिलिटी

**हल्द्वानी।** शीतलहर का कहर हल्द्वानी और आसपास के क्षेत्रों में लगातार बना हुआ है। उत्तर-पूर्व से चल रहीं सर्द हवाओं से ठंड में इजाफा हो रहा है। मौसम के बदले मिजाज के बीच बुधवार को क्षेत्र में दिनभर कोहरा छाया रहा। तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। सुबह के समय घना कोहरा छाया होने से विजिबिलिटी करीब 50 मीटर दर्ज की गई। हालांकि दिन के समय कोहरे का प्रकोप कम होने से विजिबिलिटी का स्तर 150 मीटर के करीब रहा। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार हल्द्वानी क्षेत्र में बुधवार को अधिकतम तापमान 118 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। बीते मंगलवार की तुलना में दिन और रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई। वहीं, सुबह और शाम के समय कोहरे का सबसे ज्यादा प्रकोप रामपुर रोड और बरेली रोड, ऊंचापुल और लामाचौड़ क्षेत्र में रहा। कोहरे की वजह से वाहनों की रफ्तार बेहद धीमी रही।

## देहरादून से 6 हजार को-वैक्सीन रुद्रपुर पहुंची

**रुद्रपुर।** देश में कोरोना संक्रमण के मामले आने के बाद से स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट हो गया है। बुधवार को देहरादून से छह हजार को-वैक्सीन रुद्रपुर पहुंच गई हैं। यहां से सभी अस्पतालों को यह वैक्सीन भेज दी गयी हैं। गुरुवार से जिन अस्पतालों में वैक्सीन नहीं होने के कारण टीका नहीं लगाया जा रहा था, वहां टीका लगना शुरू हो जाएगा। वहीं विभाग ने देहरादून को एक लाख कोविशील्ड की डिमांड भी भेजी है। जल्द इस वैक्सीन के पहुंचने की भी उम्मीद है। पिछले कई दिनों से जिला अस्पताल रुद्रपुर को छोड़कर अन्य अस्पतालों में वैक्सीन नहीं होने के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग ने देहरादून को वैक्सीन की डिमांड भेजी थी। मंगलवार रात करीब 8 बजे हरियाणा से को-वैक्सीन की एक खेप देहरादून पहुंची थी। विगत दिवस मैदानी इलाकों में घना कोहरा छाने के कारण वैक्सीन वैन देहरादून से रवाना नहीं हो पाई। बुधवार दोपहर बाद वैक्सीन वैन पुलिस सुरक्षा के बीच रुद्रपुर पहुंची। यहां से वैक्सीन जिले के सभी अस्पतालों में भेजी गई।

### मेडिकल कॉलेज से प्रतिदिन 30 लोग बैरंग लौट रहे कोविशील्ड वाले

**रुद्रपुर।** जिले में कोविशील्ड की वैक्सीन नहीं पहुंचने के कारण लोगों को बूस्टर डोज लगवाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रुद्रपुर मेडिकल कलेज में प्रतिदिन करीब 30 लोग बूस्टर डोज लगवाने के लिए पहुंच रहे हैं, लेकिन डोज नहीं होने के कारण लोगों को बैरंग लौटना पड़ रहा है।

वहीं मेडिकल कलेज में प्रतिदिन 15 से 20 लोग को-वैक्सीन लगवाने पहुंच रहे हैं। को-वैक्सीन का टीका उपलब्ध होने के कारण लोगों को आसानी से यह टीका लगाया जा रहा है।

देहरादून से छह हजार को-वैक्सीन की डोज पहुंची है। इसे जिले के सभी अस्पतालों में भेज दिया गया है। वहीं कोविशील्ड की एक लाख डोज की डिमांड भेजी गई है। जल्द ही इसके पहुंचने की उम्मीद है।

**डा.तपन शर्मा, एसीएमओ, ऊधमसिंहनगर**

## चीन से लौटी महिला और उसकी बेटी कोविड पॉजिटिव

**चेन्नई,एजेंसी ।** चीन से कोलंबो के रास्ते होकर लौटी एक महिला और उसकी छह साल की बेटी तमिलनाडु के मदुरै हवाईअड्डे पर जांच के दौरान कोविड-19 से संक्रमित पाई गई हैं. राज्य के स्वास्थ्य विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी.

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी के मुताबिक मदुरै के पास विरुधुनगर की रहने वाली महिला और उसकी बेटी की मंगलवार को विमान से उतरने के बाद हवाईअड्डे पर आरटी-पीसीआर जांच की गयी, जिसमें दोनों कोरोना वायरस से संक्रमित पाई गईं. दोनों को विरुधुनगर में उनके घर पर ही पृथकवास में रखा गया है. उनके नमूने जांच के वास्ते जीनोम अनुक्रमण के लिए राजकीय प्रयोगशाला में भेजे जाएंगे. तमिलनाडु में मंगलवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 10 नए मामले सामने आए. राज्य में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या 51 पर स्थिर है. तमिलनाडु सरकार ने चीन और अन्य देशों में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में अचानक आई तेजी के तुरंत बाद राज्य के चार हवाईअड्डों पर पहुंचने वाले सभी यात्रियों की जांच तेज कर दी है.

# रेलवे भूमि पर सीमांकन को लेकर उबाल, सड़कों पर उतरे महिलाओं-बच्चों समेत हजारों लोग

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी में रेलवे, प्रशासन और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने आज से रेलवे की भूमि की पिलर बंदी शुरू कर दी है। लेकिन सुबह टीम के अतिक्रमण वाले क्षेत्र में पहुंचते ही विरोध शुरू हो गया। सुबह करीब दस बजे हजारों लोग कड़ाके की सर्दी के बीच सड़क पर धरने पर बैठ गए और नारेबाजी करने लगे।

इस दौरान मौके पर भारी पुलिसबल तैनात रहा। विरोध की सूचना मिलते ही मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट ा चा सिंह, एडीएम मनीष सिंह, एसपी सिटी हरबंस सिंह, एसपी क्राइम जगदीश चन्द्र, सीओ भूपेंद्र धौनी भी पहुंचे।

विरोध बढ़ता देख पुलिस ने आस-पास के इलाकों को सील कर दिया। वहीं, बनभूलपुराआने वाले सभी रास्ते भी ब्लॉक कर दिए गए। इसके साथ ही एक प्रिजनर वैन भी खड़ी की गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सीमांकन का काम हाईकोर्ट के आदेश के बाद शुरू किया जा रहा है। अगर जनता विरोध करेगी तो पुलिस को सख्ती दिखानी पड़ेगी। उधर, विरोध के बच ही प्रशासन की टीम ने रेलवे स्टेशन पहुंचकर सीमांकन काम शुरू कर दिया है।



बता दें कि हाल ही में हाईकोर्ट ने वनभूलपुरा गफूर बस्ती में रेलवे की 29 एकड़ भूमि पर किए गए अतिक्रमण को ध्वस्तीकरण करने के आदेश दिए थे। इस जगह पर करीब 4365 अतिक्रमणकारी हैं। टीम पुराने पिलरों की जांच करेगी जहां पिलर हटाए गए होंगे वहां पेंट से लाल निशान लगाए जाएंगे। इसके बाद स्पष्ट हो जाएगा कि कितने क्षेत्र का अतिक्रमण तोड़ा जाएगा।

सीमांकन के लिए एक टीम बनाई गई है। इसमें रेलवे, राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ सिटी मजिस्ट्रेट और एसडीएम शामिल हैं। वहीं, रेलवे अतिक्रमण हटाने के दौरान शस्त्रों के दुरुपयोग की संभावना को देखते हुए डीएम धीराज गर्ब्याल ने बनभूलपुरा थाने के एसओ को उस क्षेत्र के सभी लाइसेंसी असलहे जमा करने के आदेश दिए हैं। इसके बाद बनभूलपुरा क्षेत्र के एसओ ने शस्त्र जमा कराने शुरू करा दिए हैं। पहले दिन 10 शस्त्र जमा हुए हैं। बनभूलपुरा क्षेत्र में 246 शस्त्र लाइसेंस हैं।

वहीं, जिला प्रशासन कोर्ट के आदेश के बाद हर दिन एक-एक कदम आगे बढ़ा रहा है। बनभूलपुरा क्षेत्र में अतिक्रमण की जद में आ रहे स्कूलों में भी पटवारी-लेखपाल की भर्ती परीक्षा का केंद्र बनाया गया है। पटवारी-लेखपाल भर्ती को देखते हुए प्रशासन आठ जनवरी से पहले कोई जमीनी कार्रवाई नहीं करेगा।

नैनीताल जिले के 58 इंटर कालेजों में आठ जनवरी को लेखपाल, पटवारी की भर्ती परीक्षा आयोजित होगी। नैनीताल जिले में 23 हजार परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे। पर्वतीय जिलों के कई अभ्यर्थी परीक्षा देने हल्द्वानी आएंगे। इसके लिए प्रशासन ने इंटर कलेजों को अधित किया है। बनभूलपुरा क्षेत्र में अतिक्रमण की जद में आ रहे करीब पांच स्कूलों में भी परीक्षा होनी है।

# वन पंचायतों का समिति के माध्यम से भौतिक सत्यापन किया जाए : डीएम



चमोली : मा0 उच्च न्यायालय नैनीताल में योजित रिट याचिका में पारित आदेशों के क्रम में वन पंचायतों के गठन संबधी अभिलेख ऑनलाइन करने और जिले में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कार्यों को लेकर जिलाधिकारी हिमांशु खुराना की अध्यक्षता में संबधित विभागों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि वन एवं राजस्व विभाग आपस में समन्वय बनाते हुए वन पंचायतों के समस्त अभिलेख एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। सभी एसडीएम तहसीलों में वन पंचायतों के गठन सम्बन्धी रिकॉर्ड की जांच कर जनपद में गठित वन पंचायतों के अभिलेख, सीके-53 वन विभाग को उपलब्ध करें। ऐसी गठित क्न पंचायतें जिनके नाम खतौनी में दर्ज है, लेकिन उनके अभिलेख उपलब्ध नहीं है, तो उन वन पंचायतों का समिति के माध्यम से भौतिक सत्यापन किया जाए। बैठक में गैरसैंण तहसीलदार के उपस्थित न रहने पर उनको कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत व जिला पंचायत से प्लास्टिक एवं नॉन–बायोडीग्रेडेबल वेस्ट का उचित निस्तारण के संबध में प्रमाण पत्र लिया जाए। बल्क वेस्ट जनरेटर और वेस्ट जनरेटर संस्थानों को नोटिस निर्गत करते हुए सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्राविधानों के अनुसार कूडे का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने सभी नगर निकायों को निर्देशित किया कि सोर्स सेग्रिगेशन एवं डोर–टू–डोर कूडा संग्रह पर फोकस करते हुए प्रत्येक नगर कस्बे को डस्टबीन फ्री करें। उन्होंने हिदायत देते हुए कहा कि इस कार्य को गंभीरता से लिया जाए। एआरटीओ को सभी प्राइवेट और पब्लिक वाहनों में गारबेज क्लेक्शन बिन लगवाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में डीएफओ इन्द्र सिंह नेगी, डीएफओ सर्वेश कुमार दुबे, डीएफओ नन्दा बल्लभ शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी डा. ललित नारायण मिश्र, अपर जिलाधिकारी अभिषेक त्रिपाठी, संयुक्त मजिस्ट्रेट दीपक सैनी, एसडीएम कमलेश मेहता, एसडीएम कुमकुम जोशी सहित सभी खंड विकास अधिकारी एवं नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी उपस्थित थे। (एजेंसी)

## एबीवीपी की जीत पर डीएवी में बंटी मिठाइयां,आतिशबाजी

देहरादून। छात्रसंघ के बाद छात्र महासंघ चुनावों में भी एबीवीपी की प्रचंड जीत की खुशी में बुधवार को छात्रों ने डीएवी कॉलेज में मिठाइयां बांटी। इसके अलावा वहां जमकर आतिशबाजी भी की गई।

एबीवीपी के अल्मोड़ा विवि, कुमाऊं विवि और श्रीदेव सुमन विवि में छात्र महासंघ में जीत पर ये जश्न मनाया गया। एबीवीपी के छात्र नेता हनी सिसोदिया ने कहा कि ये संगठन की मजबूती और कुशल नेतृत्व का परिणाम है। डीएवी सहित तमाम कालेजों में छात्रसंघ चुनाव जीतने के बाद महासंघ के चुनाव संगठन को अजेय बना देंगे। कहा कि अब कालेजों से लेकर विवि तक एबीवीपी के छात्रनेता छात्रों की हर छोटी बड़ी समस्या सुलझाने में लगे रहेंगे। जश्न के दौरान राहुल माही, यशवंत, राहुल और महानगर मंत्री अभिजीत सहित कई छात्र मौजूद रहे।

## खेलों और खिलाड़ियों के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध : रेखा आर्य

देहरादून। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्या ने कहा है कि राज्य सरकार राज्य में खेल व खिलाड़ियों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और लगातार खिलाड़ियों के संरक्षण, संवर्द्धन की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। पवेलियन ग्राउंड में खेल निदेशालय व दून जिला प्रशासन के सौजन्य से आयोजित अनूसूचित जाति राज्य स्तरीय ओपन पुरूष फुटबाल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए खेल मंत्री ने कहा कि यह बेहद खुशी की बात है कि राज्य के प्रतिभावान खिलाडी कई खेलों में लगातार अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं। सरकार भी खिलाड़ियों के लिए कई योजनाएं चला रही है। जिनसे हमारे बच्चों को अपने खेल को निखारने में मदद मिल रही है। जल्द ही राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ का शुभारंभ होने जा रहा है। यह महाकुंभ न्याय पंचायत स्तर से शुरू हुआ था जो कि ब्लॉक और जिला स्तर से होते हुए अब राज्यस्तर पर आयोजित हो रहा है। इस खेल महाकुंभ में हमारे खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का उचित अवसर मिलेगा। साथ ही भविष्य के लिए खिलाड़ी भी तैयार होंगे। इससे पहले प्रतियोगिता का फाइनल मैच पिथौरागढ़ व नैनीताल के बीच खेला गया।

मुकाबला पैनाल्टी शूट आउट में गया। जिसमें पिथौरागढ़ ने 04–03 से विजय हासिल की। इस अवसर पर सचिव खेल व युवा कल्याण जितेंद्र सोनकर, संयुक्त निदेशक खेल धर्मेंद्र भट्ट, संयुक्त निदेशक अजय अग्रवाल, उपनिदेशक शक्ति सिंह, जिला क्रीड़ा अधिकारी शबाली गुरुंग, सीबी थापा, देवेन्द्र बिष्ट, प्रमोद पांडे, उस्मान खान, रविन्द्र भंडारी, प्रदीप सिंह, अविनाश कुंवर उपस्थित रहे।

# आशारोड़ी से रिस्पना पुल तक नदी के ऊपर बनेगी एलिवेटेड रोड

देहरादून। नए साल में दून शहर की सबसे बड़ी समस्या का समाधान हो सकता है। इसके लिए शहर में बरसाती नदियों के ऊपर एलिवेटेड सड़कों पर काम शुरू हो सकता है। इसमें बिंदाल नदी पर आईएसबीटी से मैक्स अस्पताल और रिस्पना से नागलसेतू तक एलिवेटेड रोड बनाने का डिजाइन तैयार हो चुका है। दिल्ली–देहरादून एक्सप्रेस–वे के आशारोड़ी से रिस्पना तक भी नदी के उफर एलिवेटेड रोड बनाने की कवायद सरकार ने शुरू कर दी है। 14 दिसंबर को शासन स्तर पर हुई बैठक में इसका जिम्मा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को दिया गया है। एनएचएआई के अधिकारियों के मुताबिक जल्द ही एलिवेटेड रोड का सर्वे शुरू कर प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। क्लेमनटाउन और मोथरोवाला क्षेत्र को जोड़ने हुए यह रोड सात किलोमीटर की होगी। ईई पीडब्ल्यूड़ी प्रांतीय खंड डीसी नौटियाल का कहना है कि हमारे पास दो एलिवेटेड सड़कों का काम है। दोनों की फिजिबिलिटी रिपोर्ट और डिजाइन तैयार करने काम अंतिम चरण में है। 31 दिसंबर तक इसकी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजा जाएगी।

आशारोड़ी से ऐसे बनेगी एलिवेटेड रोडः एलिवेटेड रोड आशारोड़ी से नागलसेतू तक बनेगी। करीब 18 किमी की इस सड़क का रिस्पना से लेकर नागलसेतु तक का डिजाइन तैयार हो चुका है, जो रिस्पना से राजीवनगर चौक, चूनाभट्टा, आईटी पार्क होते हुए नागलसेतू तक जाएगी। इसका काम पीडब्ल्यूड़ी प्रांतीय खंड के पास है। आशारोड़ी से रिस्पना तक सर्वे शुरू होना है।

बिंदाल नदी पर यहां बनेगी सड़कः बिंदाल नदी पर आईएसबीटी के पास से एलिवेटेड रोड शुरू होगी। यहां से लालपुल चौक, कांवली पुल, बिंदाल तिराह से मैक्स अस्पताल तक पहुंचेगी। इस सड़क की कुल लंबाई 15 किलोमीटर है। इस काम का जिम्मा पीडब्ल्यूड़ी प्रांतीय खंड के पास है।शहर को जाम से मिलेगी मुक्तिः एलिवेटेड सड़कें बनने से देहरादून में जाम की समस्या दूर हो जाएगी।

## 163 लाख से इंदिरानगर में होगा पेयजल समस्याओ का समाधान

देहरादून। कैंट विधायक सविता कपूर ने मुख्यमंत्री घोषणा के तहत वार्ड 39 इंदिरानगर में स्वीकृत ट्यूबवेल कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने बताया कि इसका प्रस्ताव स्व. हरबंस कपूर व स्व. पार्षद शुभम नेगी ने बनाया था। 163 लाख की लागत के इस ट्यूबवेल से द्रोण स्कूल के निकट ओवर हेड टैंक को भरा जाएगा।

जिससे पूरे क्षेत्र में लो प्रेशर की समस्या का समाधान होगा। बाकी क्षेत्र को भी पर्याप्त मात्रा में पीने के पानी मिलने लगेगा।

इस अवसर पर पार्षद मीरा कठैत, युवा मोर्चा महामंत्री सूरज सिंह बिष्ट, सहायक अभियंता अनुराधा जोशी, सौरभ तिवारी, स्वराज मालिक, आशीष कपूर आदि मौजूद रहे।

# जोशीमठ भूधंसाव मामले में तत्काल ही जमीनी कार्य किये जाने की जरूरत

चमोली : जोशीमठ में भूधंसाव की समस्या दिनों दिन विकराल होती जा रही है। सैंकड़ों घरों में दरारें आने की बात सामने आयी है। लोग घरों में डरे सहमे हैं। इधर बर्फ का मौसम होने के कारण चिंता और भी बढ़ गयी है। जोशीमठ की इस तात्कालिक समस्या को लेकर जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति ने सचिव आपदा प्रबंधन को तत्काल उचित कार्यवाही कर प्रभावित लोगों को आवासीय व्यवस्था और ट्रीटमेंट की मांग की है। जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष अतुल सती ने बताया सचिव आपदा प्रबंधन को भेजे पत्र में जोशीमठ भूधंसाव के मामले में तत्काल ही जमीनी कार्य किये जाने की जरूरत है। इस सन्दर्भ में 26 अगस्त 2022 को भी एक प्रतिनिधिमंडल ने सुझाव दिये थे। जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष ने सचिव आपदा प्रबंधन को भेजे पत्र में लिखा है जिला अधिकारी का एक दिनी सर्वेक्षण स्थिति के व्यापक आंकलन के लिये अपर्याप्त है। इस सन्दर्भ में नगर पालिका परिषद जोशीमठ द्वारा किये गये घरों के सर्वेक्षण को ही तथ्यात्मक मानते हुए उसके अनुरूप ही योजना बनायी जाय। जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति का मानना है कि वैज्ञानिक व भूगर्भिक सर्वेक्षण हेतु गठित कमेटी ने भूस्खलन के ट्रीटमेंट हेतु अपनी रिपोर्ट में एक टेक्निकल कमेटी गठित किये जाने की संस्तुति की थी। यह सिफारिश स्वतंत्र वैज्ञानिकों की रिपोर्ट में भी थी, जो सरकार और सचिव आपदा प्रबंधन को प्रेषित की थी। इस कमेटी को तत्काल गठित कर इस सन्दर्भ में सुझाव लिए जाने चाहिये । जिससे ट्रीटमेंट की कार्यवाही वैज्ञनिक व तकनीकी तौर पर सम्भव हो। जोशीमठ संघर्ष समिति की मांग है कि15 जनवरी की बैठक में, स्थानीय प्रतिनिधियों के बतौर जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति को भी शामिल किया जाए।

जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति ने जोशीमठ की भौगोलिक स्थिति पर 1976 की मिश्रा कमेटी की रिपोर्ट को सर्वाधिक उल्लेखनीय बताया है। संघर्ष समिति ने कहा जोशीमठ में लोगों के वैकल्पिक व्यवस्था के लिए प्रयाप्त भूमि है। जोशीमठ नगर में ही फल संरक्षण विभाग की भूमि, कोटि फार्म की भूमि, औली में सरकार द्वारा अधिग्रहित भूमि के अतिरिक्त भी भूमि उपलब्ध है। इन भूमि का तत्काल भूगर्भिक सर्वेक्षण करवाकर लोगों के लिए आवास की व्यवस्था की जा सकती है। (एजेंसी)

## लापता भाई के खोजबीन की गुहार लगाई

देहरादून। रायपुर निवासी सन्नी ने रक्षाबंधन से लापता चल रहे अपने भाई रोहित की खोजबीन करने की मांग की है। उन्होंने इस मामले की सीबीआई जांच करने की भी मांग उठाई है। प्रेस क्लब में पत्रकारों से बातचीत में सनी ने बताया कि उनका भाई अपनी पत्नी के साथ सेलाकुई में ससुराल में रह रहा था।

## एक नजर

### वित्तीय स्वीकृति न मिलने से अधर में लटकी सड़के

चमोली : विधानसभा की सात सड़कों के लिए बजट का इंतजार है। वित्तीय स्वीकृति न मिलने से इन सड़कों पर काम नहीं हो पा रहा है। ऐसे में विधायक अनिल नौटियाल ने प्रमुख सचिव को पत्र लिखकर जल्द मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। विधायक अनिल नौटियाल ने बताया कि ग्रामीण लंबे से राज्य योजना के अंतर्गत स्वीकृत सिमली–शैलेश्वर पर तीन किमी. और कार्य, बगोली बाजार से बगोली गांव तक सड़क, रामबोरी से सेम, खडगोली से सोनी, ग्वाला से चटंग्याला एंव मोख–बारों सड़कों पर वित्तीय स्वीकृति देने की मांग कर रहे थे। नौटियाल ने कहा कि मामले में लोनिवि के प्रमुख सचिव से वार्ता एवं पत्र भी दिया गया है। जल्द ही इन सड़कों के लिए बजट की व्यवस्था कर दी जाएगी। वहीं विधायक के प्रयास पर भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री समीर मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य कांति मिश्रा एवं विनोद नेगी, सांसद प्रतिनिधि मनोरमा नैनवाल, एससी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष गणेश शाह, कैलाश चंद्र, पूर्व सभासद चेतन मनोड़ी, पूर्व दुग्ध संघ अध्यक्ष धन सिंह नेगी, सुभाष चमोली, हेमंत सेमवाल, गंभीर मियां आदि ने विधायक का आभार जताया है। (एजेंसी)

### खरसाड़ी क्षेत्र मूलभूत सुविधाओं से वंचित

नई टिहरी : उत्तराखण्ड कांग्रेस एससी विभाग के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश चन्द्र मास्टर ने भरपूर पट्टी के खरसाड़ी क्षेत्र की समस्याओं को लेकर कैबिनेट मंत्री व क्षेत्रीय विधायक सुबोध उनियाल को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि सुदूर खरसाड़ी क्षेत्र आज भी कई सुविधाओ से वंचित बना है। तीन दशक पूर्व निर्मित मुनेठ खरसाड़ी मोटर मार्ग आरटीओ से पास नहीं किया गया है।

वहीं खरसाड़ी जल स्रोत के निकट ध्वस्त सड़क की मरम्मत नही होने से यहां दुर्घटना की सम्भावना बनी है। क्षेत्र स्थित टोल चौण्ड मार्ग का डामरीकरण नही होने से वाहनों का संचालन मुश्किल बना है।

# छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से दिया अनेकता में एकता का संदेश

रुद्रप्रयाग : उत्तराखंड बोर्ड परीक्षाओं की वरीयता सूची में लगातार स्थान पाने वाले अगस्त्यमुनि नगर के शिक्षण संस्थान गौरी मेमोरियल पब्लिक इण्टर कालेज विजयनगर, अगस्त्यमुनि का प्रथम वार्षिक महोत्सव संपंन हुआ। इस दौरान छात्र–छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने अनेकता में एकता का संदेश देते हुए भारत के विभिन्न प्रान्तों की सांस्कृतिक झलकियों एवं लोकनृत्य की सुन्दर प्रस्तुतियों से अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया। वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाज सेवक संजय शर्मा दरमोड़ा ने कहा कि उत्तराखंड में शिक्षा के नाम पर देहरादून के लिए पलायन हुआ, किंतु आज पहाड़ में मिल रहे बेहतर शैक्षणिक माहौल के चलते यहां के छात्र मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर रहे हैं। विद्यालय के प्रबन्धक सेवा निवृत संयुक्त शिक्षा निदेशक रमेश प्रसाद चमोला ने विद्यालय की प्रगति आख्या पटल पर रखते हुए बताया कि 2002 में 15 छात्रों से प्रारम्भ हुआ विद्यालय का सफर आज 650 से अधिक छात्र छात्राओं तक पहुंच चुका है। विद्यालय ने वर्ष 2016 में बोर्ड परीक्षा में मील का पत्थर स्थापित किया जब हाई स्कूल की छात्रा आइशा ने मेरिट में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय को तीन बार प्रदेश स्तर पर दीन दयाल उपाध्याय शैक्षिक उन्नयन पुरस्कार प्राप्त हो चुका है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नपं अध्यक्ष अरुणा बेंजवाल ने कहा कि नगर क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देते हुऐ गौरी मेमोरियल आज संपूर्ण उत्तराखंड में रुद्रप्रयाग जनपद का नाम रोशन कर रहा है।

वंदना, स्वागत गीत के साथ शुरू हुई सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा बूम बूम, सुनो गौर से दुनियावालों, ओ रे नटखट, हौसियां मिजाजा, छोरी चंद्रा, हिट मधुली मेरा पहाड़ा, झूमर डांस, पिंगली पिछोड़ी, भरत नाट्यम, नेपाली गीत, पहाड़ी नटी नृत्य, महिसासुरमंर्दनी स्तोत्र समेत केदार घाटी के सुप्रसिद्ध पाडंव नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां दी गई।

## ऋषिकेश की छात्रा शगुन भटनागर को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

ऋषिकेश। श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय ऋषिकेश कैंपस में कला की छात्रा शगुन भटनागर को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा गया है। प्रभारी प्राचार्य प्रो. गुलशन कुमार ढींगरा ने बुधवार को उन्हें प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया।

बुधवार को विवि ऋषिकेश परिसर के प्रभारी प्राचार्य प्रो. गुलशन कुमार ढींगरा ने छात्रा को मेडल पहनाया। उन्होंने कहा कि छात्रा शगुन को राष्ट्रीय पुरस्कार मिलना राज्य और शहर के साथ कैंपस परिसर के लिए गौरव की बात है।

## 50 मीटर रेस में अदविता और शिवाय रहे अव्वल

ऋषिकेश। ऋषिकेश इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिता हुई। इस दौरान विभिन्न खेलकूद में बच्चों ने दमखम दिखाया। 50 मीटर रेस के बालिका वर्ग में अदविता और बालक में शिवाय अव्वल रहे। बुधवार को ऋषिकेश इंटरनेशनल स्कूल ढालवाला में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधक मोहन डंग, विद्यालय सचिव कप्तान सुमंत डंग ने संयुक्त रूप से किया। विद्यालय प्रबंधक मोहन डंग ने कहा कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों में शारीरिक और मानसिक विकास करना है। सचिव कैप्टन सुमंत डंग ने कहा कि प्रत्येक वर्ष विद्यालय में खेल प्रतियोगिताएं करवाई जाती हैं। ताकि बच्चों की खेल प्रतिभाएं सामने आ सकें और उन्हें उचित मंच दिया जा सके। 50 मीटर रेस के बालिका वर्ग में अदविता, अविका, इशिका एवं बालक वर्ग में शिवाय, अभिज्ञान और अर्पण ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। बुक बैलेंस प्रतियोगिता में छात्र वर्ग में अव्युक्त, राघव पंत, आयुष्मान भट्ट एवं छात्राओं में आराध्या, अहाना और प्राची ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। यूकेजी से बैग रेस में अवयुक्त कुडियाल ने प्रथम और देवांश नेगी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लेमन रेस में दृष्टी भंडारी, श्रेयशी चांदपुरी, सौभाग्य क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। इस दौरान विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। मौके पर पूजा डंग, महिमा डंग, प्रधानाचार्या हरलीन कौर चौधरी, विद्यालय निदेशक डॉ. कोयली चक्रवर्ती, बिंदु शर्मा, रजनी सूद, प्रियंका कुड़ियाल, आरती कुरियाल, ज्योति कोठियाल, सौरव पोखरियाल, शिखा शर्मा, दीपा शर्मा, सोनिका दिक्षित आदि उपस्थित रहे।

## मच्छी बाजार में मीट विक्रेताओं पर एक लाख का जुर्माना

देहरादून। नगर निगम की टीम द्वारा हाल ही मच्छी बाजार का निरीक्षण किया गया था। वहां गंदगी पाए जाने पर चार दुकानदारों पर करीब एक लाख रूपये का जुर्माना लगाया गया है। वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ डीसी तिवारी ने बताया कि इस साल अब तक चेकिंग अभियान में खामियां पाए जाने के बाद मीट विक्रेताओं से साढ़े तीन लाख रूपये का जुर्माना वसूल किया गया। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## भूमिधरी अधिकार के लिए समिति बनाए जाने पर जताई खुशी

ऋद्धिकेश। पशुलोक को राजस्व ग्राम घोषित होने के बाद की प्रक्रिया भूमिधरी अधिकार के लिए समिति बनाए जाने पर क्षेत्रवासियों ने खुशी जताई है। विस्थापित जन कल्याण समिति पशुलोक के पदाधिकारियों ने इसके लिए मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल का आभार जताया। बुधवार को बैराज रोड स्थित कैंप कार्यालय में विस्थापित जन कल्याण समिति पशुलोक के पदाधिकारियों ने कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल से मुलाकात की। समिति के सचिव प्रताप सिंह राणा ने कहा कि मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल की बदौलत पशुलोक को उनका अधिकार मिलने जा रहा है। लंबे संघर्ष के बाद अब पशुलोक विस्थापित राजस्व ग्राम घोषित हुआ है। उन्होंने कहा कि पशुलोक विस्थापित राजस्व ग्राम घोषित होने के बाद अब भूमिधरी अधिकार की प्रक्रिया भी आरंभ हो गई है। इसके लिए तहसील स्तर से एक एक्सपर्ट की टीम क्षेत्र में दस्तावेज तैयार करने के लिए सर्वे कर रही है। उन्होंने पशुलोक विस्थापित क्षेत्र के सात राजस्व ग्रामों के निवासरत परिवारों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए ग्राम सभाओं के गठन की मांग की। मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश में धामी सरकार काम करने वाली सरकार है। तभी पशुलोक विस्थापित क्षेत्र को उनके अथक प्रयासों के बाद राजस्व ग्रामों का दर्जा मिला है और जल्द ही ये अपने मूर्तरूप में होंगी।

## चकराता महाविद्यालय में नैक मूल्यांकन की तैयारियां शुरु

विकासनगर। श्री गुलाब सिंह राजकीय महाविद्यालय चकराता में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) के लिए आईक्यूएसी प्रकोष्ठ ने कार्य करना शुरू कर दिया है। प्राचार्य प्रो. केएल तलवाड़ ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार सभी महाविद्यालयों को नैक का अनिवार्य मूल्यांकन करवाना है। महाविद्यालय स्तर पर नैक समिति का गठन कर दिया गया है, जिसमें नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी डॉ. नरेश सिंह चौहान को सौंपी गई है। आईक्यूएसी (आंतरिक गुणवत्ता निश्चयन प्रकोष्ठ) को आधुनिक कंप्यूटर्स और वाई–फाई द्वारा सुसज्जित किया गया है।

# प्रीति का रुद्रप्रयाग में किया स्वागत, पूर्व सैनिकों और व्यापार संघ ने किया सम्मान

रुद्रप्रयाग : साउथ अफ्रीका स्थित तंजानिया की सबसे ऊंची चोटी किलिमंजारों को फतह कर उत्तराखंड और भारत का नाम रोशन करने वाली रुद्रप्रयाग की बेटी प्रीति का गृह जनपद पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर पूर्व सैनिकों के गौरव सैनानी संगठन एवं व्यापार संघ द्वारा प्रीति को सम्मानित किया गया। बुधवार सुबह मुख्यालय पहुंची प्रीति नेगी का गौरव सैनानी संगठन ने नए बस अड्डे स्थित मधुर मिलन वेडिंग प्वाइंट में भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने इसे बड़ी उपलब्धि बताते हुए प्रीति को स्मृति चिह्न और शॉल ओढ़कर सम्मानित किया। वहीं व्यापार मंडल रुद्रप्रयाग द्वारा प्रीति का मुख्य बाजार में जोरदार स्वागत किया गया। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अंकुर खन्ना एवं नगर अध्यक्ष चन्द्रमोहन सेमवाल की मौजूदगी में उन्हें व्यापार मंडल की ओर से स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इधर, रुद्रप्रयाग पहुंची प्रीति ने कहा कि सैनिक की बेटी होने के नाते उन्हें इस कामयाबी पर काफी खुशी है। विश्व रिकार्ड बनाकर वह खुश हैं। कहा कि शहीद परिवार और पूर्व सैनिकों का आशीर्वाद मेरे साथ है, जिससे मेरा हौसला और भी बढ़ा है। इसी का नतीजा है कि साउथ अफीका की सबसे ऊंची चोटी फतह करने में सफलता मिली है। कहा कि वह लगातार संघर्ष कर रही है। स्पोर्ट्स मैन, साइकिलिस्ट, पर्वतारोही होने से उन्हें इस कार्य को हासिल करने में मदद मिली है। उन्होंने कहा कि इस कामयाबी को पाकर उन्होंने अपने पिता के सपनों को पूरा किया है। उन्हीं के आशीर्वाद के चलते वह 18 दिसम्बर सुबह 6 बजे अफ्रीका की तंजानिया की सबसे उंची को फतह करने में कामयाब हुई है। इससे पहले यह रिकार्ड पाकिस्तान की समर खान के नाम था जिन्होंने 4 दिन में यह समिट पूरा किया। किंतु प्रीति ने 3 दिन में यह समिट कर पाकिस्तान का रिकार्ड भी तोड़ भारत के नाम यह रिकार्ड दर्ज कर दिया। जनपद रुद्रप्रयाग के ग्राम तेवड़ी सेम पोस्ट चन्द्रनगर निवासी है। स्वागत कार्यक्रम में नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष चन्द्रमोहन सेमवाल, कैप्टन हरि सिंह बिष्ट, प्रवीन सेमवाल, सुमन डियून्डी आदि ने कहा कि प्रीति ने उत्तराखंड का ही नहीं पूरे देश का नाम रोशन किया है। मौके पर उद्योग व्यापार मंडल रुद्रप्रयाग के जिलाध्यक्ष अंकुर खन्ना, नगर अध्यक्ष चन्द्रमोहन सेमवाल, विक्रांत खन्ना, लक्ष्मण सिंह बिष्ट, प्रकाश रावत, कलम सिंह रावत, हरि सिंह बिष्ट, सुरेन्द्र सिंह कप्रवाण, कलम सिंह रावत, संजय पाण्डेय, भूपेन्द्र बिष्ट, पुनीत डुडेजा सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद थे। (एजेंसी)

# मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई राज्य स्तरीय गंगा समिति की 14वीं बैठक आयोजित

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में राज्य स्तरीय गंगा समिति की 14वीं बैठक आयोजित हुयी। मुख्य सचिव ने गंगा के किनारे बसे शहरों में भी सेप्टेज मैनेजमेंट की तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि गंगा में ड्रेनेज का अशोधित जल न जाए यह सुनिश्चित किया जाए।

मुख्य सचिव ने सभी एसटीपी का सोशल ऑडिट किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सोशल ऑडिट में स्थानीय लोगों से भी उनके विचार लिए जाएं। उन्होंने प्रदेश के विभिन्न स्थानों में जमा पुराने कूड़े (लीगेसी वेस्ट) को प्रोसेस कर उसके निस्तारण की व्यवस्था भी शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित नगर निकायों को दिये।



साथ ही, समस्त जिला विकास समितियों को एनजीटी की गाइड लाइन के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चत करने के निर्देश दिये।

मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में भूजल के स्तर को बनाए रखने के लिए आवश्यक है कि पूरे प्रदेश को छोटे चेक डैम बनाए जाएं। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को अपने जनपदों में चेक डैम के लिए मास्टर प्लान तैयार किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने वन विभाग को भी प्रदेश के अंतर्गत सभी फ्लड प्लेन जोन में वृक्षारोपण कार्य सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही नदियों के किनारे पूर्व में दिए गए दिशा निर्देशों के अनुसार नए निर्माण कार्यों को अनुमति न दी जाए। साथ ही जो पूर्व में निर्मित हो चुके हैं, नष्ट करने के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि नए निर्माण न हों इसके लिए प्रत्येक माह ड्रॉन आदि से वीडियोग्राफी की जाए ताकि नए निर्माण का पता चल सके, वीडियोग्राफी का डाटा, डाटा सेंटर में संकलित किया जाए।

बैठक के दौरान बताया गया कि मनरेगा के तहत 689735 ग्रामीण परिवारों को 120182.07 लाख रुपये का प्रत्यक्ष मजदूरी रोजगार प्रदान किया गया। व्यक्तिगत स्वरोजगार, कृषि और कृषि संबद्ध क्षेत्र और स्वयं सहायता समूहों से संबंधित वृद्धि गतिविधियों पर 110201.65 करोड़ रुपये खर्च किए गए। कृषि गतिविधियों के तहत जैविक खेती के अन्तर्गत 1182 गांव के 74522 किसान जैविक खेती के लिए लगे हुए हैं।

बताया गया कि गंगा के किनारे ऋषिकेश में पर्यटन सर्किट के विकास के लिए व्यापक योजना तैयार की गई है। हर की पौड़ी, हरिद्वार में गंगा आरती के लिए ऑडियो वीडियो सुविधा विकसित की जा रही है।

### चार लोगों के खिलाफ मारपीट और एससीएसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज

विकासनगर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत जमनपुर निवासी एक व्यक्ति ने चार लोगों पर मारपीट, जान से मारने की धमकी देने और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर गाली गलौज करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट, जान से मारने की धमकी और एससीएसटी ऐक्ट में मुकदमा दर्ज कर दिया है। मामले की जांच सीओ प्रेमनगर को सौंपी गयी है। जमनपुर सेलाकुई निवासी ज्योतिराम पुत्र सुक्कड़ ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रंजिश को लेकर 25 दिसंबर को अकबर पुत्र बोलीउद्दीन, इजरान पुत्र बोलीउद्दीन, खुर्शीद और ईनाम पुत्रगण अकबर निवासीगण रामपुर थाना सहसपुर ने उनके साथ मारपीट, गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी।

# ...तो गांव से शहरी बने नागरिकों को नहीं लगती ठंड

## नगर निगम की ओर से भाबर क्षेत्र में नहीं जलाए जा रहे अलाव , लगातार बढ़ रही ठंड के बाद भी भाबर की सुध नहीं ले रहा निगम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** नगर निगम भाबर क्षेत्र के लोगों की सुविधा को लेकर कितना लापरवाह है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि लगातार बढ़ रही ठंड के बाद भी भाबर क्षेत्र में अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। ऐसा लगता है मानो गांव से शहर में शामिल हुए भाबर व सनेह के लोगों को ठंड ही न लगती हो। जबकि, शहर से अधिक परिवार भाबर व सनेह क्षेत्र में ही रहते हैं।

साढ़े चार वर्ष पूर्व शासन ने नगर पालिका का विस्तार करते हुए कोटद्वार को नगर निगम का गठन किया। चालीस वार्डों के इस नगर निगम में सबसे अधिक आबादी भाबर क्षेत्र में रहती है। निगम गठन के दौरान सभी वार्डवासियों को समान सुविधाओं का लाभ देने का आश्वासन भी दिया गया। लेकिन, नगर निगम की सुविधाएं बाजार क्षेत्र से बाहर नहीं निकल पा रही है। हालत यह है कि ठंड का सितम बढ़ने के साथ ही बाजार क्षेत्र के मुख्य चौराहों पर अलाव तो जला दिए गए। लेकिन, अब तक अलाव की गर्माहट भाबर क्षेत्र में नहीं पहुंची। ऐसे में भाबर क्षेत्र के वाशिंदों ने नगर निगम पर उनके साथ भेदभाव का आरोप लगाया है। भाबरवासी सत्यप्रकाश सिंह, मोहन कुमार ने बताया कि भाबर क्षेत्र के सिडकुल स्थित जशोधरपुर औद्योगिक क्षेत्र में बड़ी संख्या में श्रमिक काम करते हैं। साथ ही कई बेसहारा व्यक्ति भी सड़क पर अपनी रात गुजारते हैं। ऐसे में नगर निगम को भाबर क्षेत्र के मुख्य चौराहों पर भी अलाव की व्यवस्था करनी चाहिए।

### इन स्थानों पर जल रहा अलाव

नगर निगम की ओर से बाजार क्षेत्र के अंतर्गत गाड़ीघाट, झंडाचौक, नजीबाबाद चौराह, बस अड्डा, कौड़िया चौराह, देवी रोड चौराह, सिम्मलचौड़, आमपड़ाव में अलाव जलाने की व्यवस्था बनाई गई है। वहीं, सनेह क्षेत्र में भी अब तक अलाव की व्यवस्था नहीं बनाई गई है। इसके साथ ही क्षेत्रवासियों ने राजकीय बेस चिकित्सलय परिसर में भी अलाव जलवाने की मांग की है।



नगर निगम की ओर से बाजार क्षेत्र में जलाए गए अलाव

# भाषण प्रतियोगिता में आंचल रही प्रथम

## भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से आयोजित की गई प्रतियोगिता

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार।** अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से आयोजित भाषण प्रतियोगिता में आंचल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस दौरान युवा मोर्चा ने प्रतियोगिता के अव्वल विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

बुधवार को आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र रावत ने किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को पढ़ाई के साथ अन्य प्रतियोगिताओं में भी प्रतिभाग करना चाहिए। इससे उन्हें आगे बढ़ने का मौका मिलता है। कार्यक्र्म के दौरान नेट व जीआरएफ की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले युवा कवि पीयूष सुंदरियाल को भी सम्मानित किया गया।



कोटद्वार में प्रतियोगिता के अव्वल विद्यार्थियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि

भाजयुमो जिलाध्यक्ष सौरभ नौडियाल ने बताया कि प्रतियोगिता में आंचल ने प्रथम व सुनैना जोशी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विपिन कैंथोला, मुन्ना लाल मिश्रा, गजेंद्र मोहन धस्माना आदि मौजूद रहे।

### विधायक ने किया खुटीडा तल्ला सड़क का लोकार्पण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : विधायक लैंसडौन दिलीप रावत ने खुटीड़ा तल्ला सड़क मार्ग का लोकार्पण किया। विधायक ने कहा कि सरकार का संकल्प है कि हर गांव को सड़क मार्ग से जोड़ा जाए। अब तक अधिकांश गांवों को सड़क यातायात सुविधा से जोड़ा जा चुका है। उन्होंने घोषणा की कि खुटीड़ा तल्ला से बिछ्याबगड़ तक एक किमी. सड़क का निर्माण शीघ्र ही विधायक निधि से किया जाएगा।

ग्राम प्रधान दीपक कंडारी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक दिलीप रावत ने कहा कि खुटीड़ा तल्ला में सड़क बनने से गांव यातायात सुविधा से जुड़ गया है। जिससे यहां के ग्रामीणों की बड़ी समस्या का समाधान हुआ है। ग्रामीणों ने कार्यक्रम को महोत्सव के रूप में आयोजित कर विधायक का अभिनंदन किया व सड़क निर्माण के लिए आभार जताया। इस अवसर पर महिला मंगल दल ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख प्रशांत कुमार, ज्येष्ठ उप प्रमुख ललित पटवाल, पूर्व प्रधान मनोज खर्कवाल, स्वागत समिति के अध्यक्ष मेहरबान सिंह, गणेश रावत, नैन सिंह, शीशपाल सिंह आदि शामिल थे।

# नंदा राज जात यात्रा ने मोहा दर्शकों का मन

## भारत इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड की सांस्कृति समिति की ओर से आयोजित किया गया कार्यक्रम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** भारत इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड की सांस्कृतिक समिति ओर से कंपनी के सामुदायिक केंद्र में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस दौरान नंदा राज रात यात्रा ने दर्शकों को मन मोहन लिया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाप्रबंधक, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक और अन्य अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात रीना मिश्रा, मधुरिमा सक्सेना, रूपा रावत, प्रदीप बडोला, सत्यप्रकाश व बहादु सिंह ने एकल नृत्य की प्रस्तुतियां दी। साथ ही बच्चों के विभिन्न ग्रुपों की प्रस्तुतियों व महिलाओं द्वारा दी गई नंदा राजजातयात्रा की प्रस्तुति को खूब सराहा गया। इस दौरान कंपनी के कर्मचारी, अधिकारी व उनके स्वजन मौजूद रहे।



कार्यक्रम के दौरान सांस्कृति प्रस्तुति देते कलाकार

# नरेंद्र कुमार गोयल बने अभिभावक संघ के अध्यक्ष



कोटद्वार महाविद्यालय में नियुक्त शिक्षक अभिभावक संघ के पदाधिकारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में शिक्षक अभिभावक संघ का गठन किया गया। जिसमें सर्वसहमति से अध्यक्ष पद पर नरेंद्र कुमार गोयल को नियुक्त किया गया है।

महाविद्यालय सभागार में प्राचार्य डा.जानकी पंवार की अध्यक्षता में सत्र 2022-23 के लिए शिक्षक अभिभावक संघ का गठन किया गया, जिसमें अभिभावकों की आपसी सहमति से अध्यक्ष पद पर श्री नरेंद्र कुमार गोयल, उपाध्यक्ष पद पर पूनम सिंघी, उपमंत्री अनीता देवी, कोषाध्यक्ष पद पर आशीष काला को नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मोहम्मद इरशाद सैफी, गीता देवी, हेमलता का चयन हुआ है। निर्वाचन प्रक्रिया में अभिभावक शिक्षक संघ के सचिव डॉ. भगवत सिंह रावत तथा समिति के सभी सदस्य डॉ. रोशनी असवाल,डॉ. डॉक्टर सुरेखा घिल्डियाल, डॉ. मानसी वत्स, डॉ. नेहा कुकरेती आदि मौजूद रहे।

### नए साल की पूर्व संध्या पर हुड़दंग मचाने वालों की खैर नहीं, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : नए साल के जश्न को लेकर पौड़ी जिला पुलिस ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। नव वर्ष की पूर्व संध्या शनिवार को जिले के विभिन्न होटलों, रेस्टोरेंटों, बारों सहित सार्वजनिक स्थलों पर आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रमों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। नए साल की पूर्व संध्या पर शांति व कानून व्यवस्था का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी ने सुरक्षा की दृष्टि से विशेष प्लान तैयार किया है। सभी थाना प्रभारियों को 31 दिसंबर को दिन और रात पूरी तरह से अलर्ट रहने और गश्त तेज करने के आदेश जारी किए हैं। एसएसपी ने सभी सीओ को नए साल की पूर्व संध्या पर शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

# पहाड़ से हो रहे पलायन का दर्द है 'मेरू गौं'

## तीस दिसंबर से कोटद्वार के प्राइट माल में प्रदर्शित होगी फिल्म

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** तीस दिसंबर से कोटद्वार के के प्राइट मॉल में 'मेरू गौं' गढ़वाली फिल्म प्रदर्शित की जाएगी। उक्त फिल्म में पहाड़ के पलायन, परिसीमन के दर्द को बताया गया है। फिल्म निर्माता ने क्षेत्रीय लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर फिल्म देखने की अपील की।

बुधवार को फिल्म के निर्माता राकेश गौड़ ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए फिल्म के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पहाड़ से पलायन एक ज्वलंत मुद्दा है। फिल्म में पलायन, राजधानी, परिसीमन और लोक भाषा के बारे में बताया गया है। इस फिल्म में मनोरंजन के साथ कई तथ्यात्मक जानकारियां भी दी गई हैं। फिल्म को देहरादून में प्रदर्शित हुए चार सप्ताह हो चुके हैं। उत्तराखंड के लोगो का फिल्म काफी प्यार दे रहे हैं। 'मेरू गौं' में प्रस्तुत गीतों को प्रसिद्ध लोक गायक नरेंद्र सिंह नेगी ने अपनी आवाज दी है। कहा कि कोटद्वार में तीस दिसंबर से दोपहर 12 बजे फिल्म प्रदर्शित की जाएगी। गोविंद डंडियाल, व विकास देवरानी ने बताया कि फिल्म आने वाली पीढ़ी के लिए सीख है। उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर फिल्म देखने की अपील की। कहा कि फिल्म की सूटिंग यमकेश्वर व लैंसडौन के विभिन्न गांव में हुई है। फिल्म के निर्देशक अनुज जोशी है। इस मौके पर जनार्दन बुड़ाकोटी, विजय शर्मा, अशोक प्रजापति, संजय थपलियाल, अजय रावत आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार में पत्रकार वार्ता के दौरान फिल्म के बारे में जानकारी देते निर्माता राकेश गौड़।

# किसानों को सिखाए प्राकृतिक खेती के गुर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : वीरचंद्र सिंह गढ़वाली उत्तराखंड औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय भरसार के कृषि विज्ञान केंद्र में प्राकृतिक खेती विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विशेषज्ञों द्वारा किसानों को प्राकृतिक खेती के गुर सिखाए गए।

प्रशिक्षण में प्रदेश के सभी जिलो से 45 प्रगतिशील किसानों ने हिस्सा लिया। महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रो.बीपी नौटियाल ने किसानों को प्रदेश में प्राकृतिक खेती से औषधीय एवं सगंध फसलों के उत्पादन के बारे में बताया गया। प्राकृतिक खेती परियोजना के नोडल अधिकारी डा. अरदीप सिंह ने जीवामृत, बीजामृत, घनजीवामृत बनाने व कीट व्याधि नियंत्रण के लिए प्रयुक्त नीमास्त्र, ब्रहमास्त्र, अग्नि, अस्त्र, दशपर्णी अर्क आदि बनाने व प्रयोग की विधि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। केंद्र के वैज्ञानिक डा. अंशुमान सिंह ने प्राकृतिक खेती के माध्यम से सब्जी व फल उत्पादन के तरीकों के बारे में बताया गया। इस मौके पर प्रशिक्षण में कुलपति डा. परविंद्र कौशल, निदेशक प्रसार डा. सी तिवारी, संचालन केंद्र की प्रभारी डा. रश्मि लिंबू, डा. तेजस भोसले, डा. पारस पंवार, डा. राजेंद्र भट्ट, संजय पचपोर, अमरनाथ तिवारी, नीरज शर्मा, हिमांशु जोशी, गिरीशचंद्र, घनश्याम लखेड़ा आदि शामिल थे।

### गढ़वाल सांसद आज कोटद्वार में

**कोटद्वारः** गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत गुरुवार को कोटद्वार भ्रमण पर रहेंगे। सांसद के जन संपर्क अधिकारी विजय सती ने बताया कि सुबह 11 बजे वह पन्याली वन विश्राम गृह में पहुंचेगे। इसके उपरांत वह श्री सिद्धबली मंदिर दर्शन को जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान वह कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात करेंगे।

### भाषण में आदित्य राणा ने मारी बाजी

**श्रीनगर गढ़वाल** : देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय जनता युवा मोर्चा ने बुधवार को श्रीनगर स्थित अदिति स्मृति न्यास में भाषण व वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता में भगवती मेमोरियल पब्लिक स्कूल के आदित्य राणा ने प्रथम, रेनबो पब्लिक स्कूल की समृद्धि गुप्ता ने द्वितीय व रेनबो पब्लिक स्कूल की रिद्धि बलोनी व सिद्धि बलोनी ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में डा. राजेंद्र सिंह और डा. अल्का चौधरी निर्णायक की भूमिका में रहे। इस मौके पर भाजायुमो के प्रदेश मंत्री डा. सुधीर जोशी ने बताया कि स्व. वाजपेयी की जंयती पर भाजायुमो द्वारा उत्तराखंड के प्रत्येक जिलों में भाषण व वाद-विवाद प्रतियोगिता करवाई जा रही है। इस मौके पर भाजायुमो श्रीनगर मंडल के मंडल अध्यक्ष आशीष उनियाल, सौरभ जैन, अनुज, राहुल, अमन काला, दिव्यांशु गैरोला सहित युवा मोचा एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ब्रिटिश कालीन फायर लाईन को तलाशे वन विभाग : डीएम

## वनाग्नि की घटनाओं को कम करने के लिए मिशन मोड पर कार्य करने की आवश्यकता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : वनाग्नि की रोकथाम को लेकर जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में कलक्ट्रैट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने वन विभाग के अधिकारियों को विगत वर्षों में वनाग्नि के कारण जिन फायर फायटर्स की मृत्यु हुई है उनके नाम को यादगार बनाने के लिए एक्शन प्लान तैयार करने, ब्रिटिश कालीन फायर लाईन को तलाशने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी फायर सीजन में जीरो कैजुअल्टी के साथ आग लगने की घटनाओं पर काबू पाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य करें।

बुधवार को आयोजित वनाग्नि रोकथाम की बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी फायर सीजन में वनाग्नि की घटनाओं को कम करने के लिए मिशन मोड पर कार्य करने की आवश्यकता है। कहा कि वन्य जीव-जन्तु व वनस्पतियों की सुरक्षा से जुड़े इस महत्वपूर्ण कार्य में अधिकारियों की सक्रियता के साथ-साथ जन सहभागिता भी आवश्यक है। जिलाधिकारी ने वन विभाग के अधिकारियों को फायर लाईन निर्माण को लेकर निर्धारित विगत वर्ष के लक्ष्य में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी करें। उन्होंने वन विभाग, पुलिस विभाग व आपदा कन्ट्रोल रुम में आपसी समन्वय को बेहतर करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वनाग्नि की रोकथाम को लेकर आगामी एक सप्ताह के भीतर ब्लॉक स्तर पर बैठकों का आयोजन करें। उन्होंने कहा कि वन विभाग जनपद क्षेत्रातर्गत समृद्ध जैव विविधता वाले क्षेत्रों का चयन करें, ताकि इन क्षेत्रों को आग से बचाने के लिए ठोस रुपरेखा तैयार की जा सके। साथ ही वनाग्नि की रोकथाम के लिए संवेदनशील स्थलों की सूची तैयार करने, प्रर्याप्त मेन पावर की सूची व संसाधनों की स्थिति सम्बन्धी सूची को अद्यतन रखने के निर्देश दिए। वहीं वनाग्नि की रोकथाम को लेकर विद्यालयों में जागरुकता कार्यक्रमों के अयोजन हेतु मुख्य शिक्षाधिकारी को निर्देशित किया है। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे, मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डेय, डीएफओं पौड़ी वन प्रभाग मुकेश कुमार, उपजिलाधिकारी सतपुली संदीप कुमार, मुख्य कृषि अधिकारी अमरेन्द्र चौधरी, एसडीओ वन विभाग सुधीर, रेंजर ललित मोहन नेगी सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।



डीएम डॉ. आशीष चौहान बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

### पौड़ी जिले में अपराधियों की सम्पत्ति होगी जब्त

**पौड़ी** : पौड़ी पुलिस गैंगस्टर एक्ट के अपराधियों की अब सीधे कमर तोड़ने जा रही है। पुलिस ऐसे अपराधियों की संपत्ति कुर्क कर जब्त करने जा रही है। इसके के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे ने प्लान में तैयार कर लिया है, जिसके लिए जिले के सभी थाना, चौकी प्रभारियों को निर्देश दिये गये है। बुधवार को एसएसपी श्वेता चौबे ने एएनटीएफ और सीआईयू की समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि 1 जनवरी 2023 से पूर्व विभिन्न अभियोगों में प्रकाश में आये ईनामी एवं वांछित अपराधियों की शत प्रतिशत गिरफ्तारी करें। तत्पश्चात सम्बन्धित थाना प्रभारी अभियुक्तों पर गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही कर सभी अभियोगों के अभियुक्तों द्वारा अवैध रुप से अर्जित की गई सम्पत्ति के अधिग्रहण सम्बन्धी कार्यवाही करेंगे। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों की बिक्री एवं आपूर्ति करने वालों पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। एसएसपी ने दुकानदारों द्वारा नशे से सम्बन्धित वस्तुओं के विक्रय करने एवं जनपद में नशीले पदार्थों की खरीद-फरोख्त करने वालों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश थाना प्रभारियों को दिये।

# पुलिस ने 4 किलो चरस के साथ दो नेपाली महिलाएं पकड़ी




चम्पावत : मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। भारत-नेपाल सीमा पर पुलिस ने चार किलोग्राम चरस के साथ दो नेपाली महिला तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों महिलाओं पर एनडीपीएस के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। बुधवार को बनबसा पुलिस ने मुखबिर की सूचना के बाद सीमा पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने सीमा के पास लामापुल के समीप दो नेपाली मूल की महिलाओं को जाते देखा। शक के आधार पर महिला पुलिस ने दोनों की तलाशी ली तो उनके पास से चार किलो से अधिक मात्रा में चरस बरामद हुई। आरोपी महिलाओं की पहचान गोमा धर्मीमगर निवासी जिला धौरपाटन, नेपाल और कमला मगर निवासी नगरपालिका नं–3 नेपाल के रूप में हुई है। एसपी देवेंद्र पींचा ने बताया कि पूछताछ में आरोपी महिलाओं ने चरस की खेप नेपाल से भारत के यूएस नगर स्थित नानकमत्ता तक ले जाने की बात कही। कहा कि किसी तीसरे व्यक्ति से डील के बाद चरस सीमा पार करके भारत लाई जा रही थी। दोनों आरोपी महिलाओं के खिलाफ बनबसा थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। एसपी ने पुलिस के सराहनीय कार्य के लिए टीम को दस हजार इनाम देन की घोषणा की है। पुलिस टीम में सीओ विवेक सिंह कुटियाल, एसओ बनबसा लक्ष्मण सिंह जगवाण, शारदा बैराज चौकी प्रभारी हेमंत कठैत, हेड कांस्टेबल कमल कुमार, गोविंद टम्टा, कांस्टेबल अनिल कुमार, क्यूआरटी टीम के जीवन चंद्र पांडेय, बिंद्रेश्वरी राणा रहे। (एजेंसी)

## पशु मित्रों ने नियुक्ति की मांग की

चम्पावत : आरसेटी चम्पावत से प्रशिक्षण प्राप्त पशु मित्रों ने नियुक्ति की मांग को लेकर पशुपालन और डेरी सचिव को ज्ञापन दिया। उन्होंने जल्द नियुक्ति न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। बुधवार को ग्रोथ सेंटर में प्रशिक्षण प्राप्त पंकज कुमार आर्य के नेतृत्व में पशु मित्रों ने सचिव डॉ. बीआरसी पुरुषोत्तम को ज्ञापन देकर कहा कि आरसेटी ने पिछले साल जिले के 30 युवाओं को दो महीने का प्रशिक्षण दिया था। जिसमें पशुओं का प्राथमिक उपचार, कृत्रिम गर्भाधान और टीकाकरण से सम्बन्धित सामान्य जानकारी पशु चिकित्सकों ने दी। इस मौके पर भूमिका पुजारी, माया पुनेठा, गिरीश सिंह फत्र्याल, सुनील सिंह फत्र्याल, मीना देवी, गिरीश ढेक, गीता माहरा, हिमांशु तिवारी, रमेश चन्द्र भट्ट, गीता पांडेय, प्रदीप पंगरिया, रवीन्द्र आर्या और गीता तिवारी मौजूद रहीं। (एजेंसी)

# पूर्णागिरि में नए साल के मेले की तैयारियां अधूरी



चम्पावत : नए साल के मेले में महज तीन दिन का समय रह गया है। लेकिन पूर्णागिरि में नए साल के मेले की तैयारियां अधूरी हैं। इससे माता के दर्शन को आने वाले श्रद्धालुओं को नए साल में अव्यवस्थाओं का सामना करना पड़ सकता है। धाम के पुजारियों ने समस्याओं के जल्द समाधान की मांग की है।

मंदिर समिति के अध्यक्ष किशन तिवारी, उपाध्यक्ष नीरज पांडेय, सचिव सुरेश तिवारी, मोहन पांडेय आदि का कहना है कि पूर्णागिरि दर्शन को आने वाले श्रद्धालुओं को पानी की मुख्य समस्या से जूझना पड़ता है। सीएम घोषणा में शामिल लादीगाड़ पंपिंग योजना से पूर्णागिरि के श्रद्धालुओं की प्यास बुझाने की कोशिश अब तक कामयाब नहीं हुई। इसके अलावा चार साल से खराब पड़ा जनरेटर अब तक ठीक नहीं हो सका। इस वजह से बिजली जाने पर लोगों का दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कहा कि मंदिर के आस–पास कूड़े का अंबार लगा हैं। जिसका निस्तारण नहीं हो सका। पुजारियों ने बाटनागाड़ में ट्रांसफार्मर लगाए जाने की भी मांग की है। इसके अलावा स्वास्थ्य सुविधाएं दिए जाने, मंदिर में जाली रिपेयरिंग किए जाने, टूटी टाइल्स की मरम्मत नए साल से पहले करने की मांग की है।

## पर्यावरण मित्रों को मास्क पहनने के लिए जागरूक किया



चम्पावत : चम्पावत जिला पंचायत सभागार में पर्यावरण मित्रों को मास्क और ट्रैक सूट समेत जूते वितरित किए गए। जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति राय ने कहा कि शहर को साफ सुथरा रखने में पर्यावरण मित्रों का अहम योगदान रहता है। इस दौरान उन्होंने कोरोना के नए वेरिएंट को देखते हुए उन्होंने पर्यावरण मित्रों को मास्क पहनने के लिए जागरुक किया। जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी भगवत पाटनी ने सभी कर्मचारियों से कोरोना के प्रति सावधानी बरतने की अपील की है। यहां अभियंता अनिल रावत, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी विजय कुमार उपरेती, महेश सिंह रावत समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। (एजेंसी)

# नव वर्ष में हुड़दंग मचाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई



अल्मोड़ा : थर्टी फस्ट और नव वर्ष को लेकर पुलिस ने कमर कस ली है। बुधवार को एसएसपी प्रदीप कुमार राय ने जिले के सभी थाना और चौकी प्रथारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने नव वर्ष आगमन पर चौकस सुरक्षा व्यवस्था के साथ शांति व कानून व्यवस्था बनाने समेत हुड़दंग मचाने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये। एसएसपी के निर्देश पर सीओ सदर विमल प्रसाद ने बुधवार को नगर के होटल, ढाबों, रेस्टोरेंटों में चेकिंग अभियान चलाया। उन्होंने संचालकों को नव वर्ष के आगमन पर सुरक्षा व्यवस्था के प्रति सजग कर होटलों में लगे सीसीटीवी कैमरों को सही रखने व आगंतुकों को ठहराने से पूर्व उनकी आईडी, पहचान प्रूफ दस्तावेजों आदि को भली–भांति चेक कर सत्यापित करने के बाद ही कमरा किराये पर देने, किसी प्रकार की संदिग्धता प्रतीत होने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने के निर्देश दिये। पुलिस ने नव वर्ष आगमन की पूर्व संध्या पर शराब पीकर उत्पात मचाने वाले उपद्रवियों व शांति व्यवस्था में खलल डालने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। साथ ही टीआई, प्रभारी इंटरसेप्टर को यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने को लेकर लगातार चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए। (एजेंसी)

## ग्रामीणों को डेंगू और एनीमिया के लक्षण बताएं

अल्मोड़ा : आयुष मंत्रालय व निदेशक होम्योपैथी स्वास्थ्य सेवाएं और जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी के निर्देश पर बुधवार को राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय जैंती की प्रभारी डॉ. कविता हर्ष, भेषजिक विवेकानंद कोहली, एमपी डब्ल्यू खड़क सिंह ने ग्राम उडियारी में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। डॉ. कविता हर्ष ने ग्रामीणों को एनीमिया, डेंगू के लक्षणों की जानकारी दी। शिविर में 40 लोगों की बीपी की जांच की गई।

इस मौके पर लक्ष्मी दत्त भट्ट, हरीश भट्ट, मोहन सिंह आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# शिक्षकों की नियुक्ति न होने पर आंदोलन करेगें युवा

पिथौरागढ़ : एलएसएम महाविद्यालय में अर्थशास्त्र विषय में रिक्त पदों को लेकर छात्रसंघ ने कुलपति को पत्र भेजा है। युवाओं ने शिक्षकों की नियुक्ति न होने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

बुधवार को छात्रसंघ अध्यक्ष रितिक पाण्डेय व संयुक्त सचिव मयंक चंद्रा ने नोडल अधिकारी डॉ. हेम चंद्र पाण्डेय के माध्यम से कुलपति को पत्र भेजा। इस दौरान उन्होंने कहा कि अर्थशास्त्र विभाग में प्राध्यापकों के 6 पदों में से 2 ही कार्यरत है। विभाग प्रभारी डॉ. अभिषेक पंत को इग्नू, एनसीसी, पुस्तकालय सहित अन्य जिम्मेदारियां दी गई है।

दो शिक्षकों के भरोसे 750 छात्र-छात्राओं को अध्ययन करने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कक्षाओं में बैठने के लिए छात्र–छात्राओं के लिए फर्नीचर की व्यवस्था तक नहीं है। कहा कि समस्याओं का समाधान न होने पर महाविद्यालय में उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान दीक्षा बिष्ट, जीवन सती, रीना वर्मा सहित अन्य छात्र–छात्राएं मौजूद रहे। (एजेंसी)

# सोमेश्वर की टीम 97 रन से जीती



अल्मोड़ा : कसून क्रिकेट क्लब की ओर से क्रिकेट प्रतियोगिता जारी है। बुधवार को प्रतियोगिता के तहत वड्यूड़ा इलेवन और सोमेश्वर इलेवन के बीच मुकाबला खेला गया। जिसमें सोमेश्वर की टीम ने शानदार जीत दर्ज की। हवालबाग विकासखंड के कसून खेल मैदान में आयोजित प्रतियोगिता में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सोमेश्वर इलेवन की टीम ने निर्धारित 12 ओवरों में 117 रन बनाये। जवाब में उतरी वड्यूड़ा इलेवन की टीम 20 रनों में आलआउट हो गई। सोमेश्वर की टीम ने 97 रनों ने शानदार जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच का खिताब विजेता टीम के अजय को दिया गया। इस मौके पर संतोष सिंह, सुंदर मटियानी, राहुल मटियानी, मनदीप, रितिक भोज, रोहन, हरेंद्र, पवन भोज समेत कई खेल प्रेमी मौजूद रहे। (एजेंसी)

## रिद्धि ने सीएलएटी परीक्षा पास कर बढ़ाया मान

पिथौरागढ़ : नगर के मल्लिकार्जुन विद्यालय की बारहवीं की छात्रा रिद्धि गडकोटी ने कॉमन लॉ एडमिशन परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। विद्यालय प्रबंधन का दावा है कि रिद्धि जनपद की पहली छात्रा है, जिसने सीएलएटी परीक्षा पास की है। इससे विद्यालय में हर्ष का माहौल है।

विद्यालय की प्रबंधिका रचना जोशी, प्रबंधक रुद्राक्ष जोशी, प्रधानाचार्य राजेश्वरी देवी ने इसे विद्यालय के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि लगातार विद्यालय के छात्र–छात्राएं सफलता हासिल कर स्कूल का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने रिद्धि को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। (एजेंसी)

# स्थापना दिवस पर कांग्रेसियों ने बांटे फल



बागेश्वर : अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के स्थापना दिवस पर जिला कांग्रेस कमेटी ने कार्यक्रम आयोजित करते हुए कांग्रेस को पुनः सत्ता में पहुंचाने का संकल्प लिया। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिला चिकित्सालय में फल वितरित किए। बैठक में उत्तरायणी मेले के राजनीतिक कार्यक्रमों पर भी चर्चा की। राज्य स्थापना दिवस पर पार्टी जिलाध्यक्ष भगवत सिंह डसीला के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जिला चिकित्सालय में फल वितरित किए। इसके बाद पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष ने कांग्रेस को देश के विकास की प्रमुख पार्टी बताते हुए कहा कि कांग्रेस ने देश को नई दिशा दी है। पूर्व विधायक और राहुल गांधी द्वारा आयोजित नफरत छोड़ो, भारत जोड़ो यात्रा से वापस लौटे पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण का माल्यार्पण करके स्वागत किया। इस दौरान फर्स्वाण ने कहा कि कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा को जनता का अपार समर्थन मिला। उन्होंने संगठन मजबूती पर बल दिया। बैठक में 14 जनवरी को उत्तरायणी मेले में कार्यक्रम के तहत बैठक करने का निर्णय लिया। बैठक में गोपाल दत्त भट्ट, बबलू नेगी, गोविंद कठायत, ललित बिष्ट, राजेंद्र सिंह परिहार, सुरेश गढ़िया, कुंदन गिरी आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे। (एजेंसी)

# गुलदार के आतंक से निजात दिलाने की मांग उठाई



अल्मोड़ा : द्वाराहाट ब्लॉक क्षेत्र के कई गांवों में गुलदार का आतंक छाया हुआ है। ग्राम पंचायत दैरी में विगत एक पखवाड़े में गुलदार कई मवेशियों को मार चुका है। मंगलवार शाम ग्राम पंचायत के चांचरी तोक निवासी प्रेम राम पुत्र चीन राम की दुधारू गाय को गुलदार ने निवाला बनाया है। एक पखवाड़ा के भीतर गुलदार चांचरी तोक के बिपिन चंद्र और मथुर राम, प्रकाश राम, अंबी राम, किशोरी राम की गाय और बकरियों को निवाला बना चुका है। घटना की सूचना पर वन विभाग के कर्मचारियों ने स्थलीय निरीक्षण कर प्रपत्र तैयार कर रिपोर्ट विभाग को भेज दी है। ग्राम प्रधान प्रेम लता तिवारी और सरपंच महेश प्रसाद त्रिपाठी ने पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने और गुलदार को कैद करने की मांग उठाई है। (एजेंसी)

## तीर्थ यात्रियों को दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

चम्पावत : मां पूर्णागिरि धाम में नशा मुक्ति अभियान के संयोजक त्रिलोचन जोशी ने तीर्थ यात्रियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। साथ ही बीड़ी, सिगरेट, गुटका, शराब और चरस आदि से दूर रहने की अपील की। पूर्णागिरि मार्ग पर स्थित हनुमान मंदिर के पुजारी नंदा बल्लभ तिवारी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें संयोजक जोशी ने तीर्थ यात्रियों को बताया कि नशीले पदार्थों की लत में पड़कर युवा पीढ़ी का भविष्य अंधकार मय हो रहा है। यहां भुवन चंद्र, मंजू देवी, तनु, पीयूष सोराड़ी, अंशु, गौरव सिंह, रेखा जोशी आदि रहे। (एजेंसी)

## प्रतियोगिता के विजेताओं का किया सम्मान

पिथौराढ़ : मूनाकोट विकासखंड के जीआईसी पीपलकोट में लोक संस्कृति पर आधारित प्रतियोगिता का समापन हो गया है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को बीते रोज प्रधानाचार्य मोहन चंद्र पाठक ने प्रशस्त्रि पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समन्वयक उमेश चंद्र पुनेठा ने बताया कि लोकनृत्य, लोकगीत, नाटक,ऐपण, ऐंण प्रतियोगिता में जीजीआईसी मूनाकोट ने पहला, जीआईसी पीपलकोट ने दूसरा व जीआईसी गौरीहाट ने तीसरा स्थान हासिल किया है।

शिक्षिका निर्मला थरकोटी, हेमा भट्ट, शीला कापड़ी, विनय जोशी को भी सम्मानित किया गया। संचालन गिरीश चंद्र पुनेड़ा ने किया। (एजेंसी)

## लोहाघाट के गांव से अवैध कब्जा हटाने की मांग की

चम्पावत : मनिहारगोठ के ग्रामीणों ने लोहाघाट के कई गांवों में अवैध कब्जे करने का आरोप लगाया। उन्होंने कब्जा हटाने की मांग को लेकर कैंप कार्यालय के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजा है। बुधवार को मनिहारगोठ के ग्राम प्रधान आयशा खातून के नेतृत्व में कैंप कार्यालय के माध्यम से सीएम धामी को ज्ञापन भेजा है। ग्रामीणों का कहना है कि लोहाघाट के ग्राम सभा खूना, मडलक, खूना बोहरा, मानेश्वर, मझेड़ा पट्टी में मनिहार जाति के मुस्लिम अल्प संख्यक समुदाय के व्यक्तियों की पुस्तैनी जमीन है। उन्होंने कहा कि वर्षो पहले मुस्लिम मनिहार जाति के पूर्वज इन गांव मे पक्के पाथर के मकान में रहते थे। साथ ही खेती बाड़ी कर परिवार का भरण पोषण करते थे। लेकिन कुछ बाहरी व्यक्तियों और एक अन्य महिला अपने आप को मुस्लिम मनिहार बताकर गांव के समस्त लोगों की भूमि पर अवैध रुप से अतिक्रमण कर रही है। उन्होंने इस संबंध में जांच कर दोषियों पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। इस मौके पर जाफर हुसैन, नसीर हुसैन, नजीर, जुनैद अली, कादिर हुसैन, सईद हुसैन, मो. अमीन, जाविद हुसैन, शमशाद अली रहे। (एजेंसी)

## ब्लॉक प्रमुख को दी समस्याओं की जानकारी

हल्द्वानी। ब्लॉक कार्यालय में बुधवार को ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश बिष्ट की अध्यक्षता में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोगों ने जल जीवन मिशन, जल निगम, जल संस्थान, खाद्य सुरक्षा एवं पशुपालन विभाग से जुड़ी समस्याओं से ब्लॉक प्रमुख को अवगत कराया। इस पर ब्लॉक प्रुमख ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने को कहा। इसके साथ ही बाघ के हमले से घायल कांति बल्लभ पलडिया को जल्द मुआवजा दिलाने की बात कही। इस दौरान खंड विकास अधिकारी खीमानन्द, डॉ. सुरेश मठपाल, हेमा आर्य, लता पलड़िया, रघुनाथ बोहरा, अनीता देवी, महेश भंडारी, इंद्रा देवी, बबली आर्य, भुवन चौनाल, इन्द्र सिंह मेहता, प्रदीप कुमार, भावना देवी, देवेश कुमार, सुनीता देवी, नवीन क्वीरा, प्रेम मेहरा, दुर्गादत्त पलड़िया आदि मौजूद रहे।

# यूओयू मुख्यालय गेट पर आक्रोशित युवाओं का प्रदर्शन

हल्द्वानी। तकनीकी प्रशिक्षण कोर्स के नाम पर फर्जी सर्टिफिकेट और डिप्लोमा देने का आरोप लगाते हुए युवाओं ने बुधवार को हल्द्वानी स्थित उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय (यूओयू) मुख्यालय परिसर के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान यूओयू और सहयोगी कंपनियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गई। मामला शांत कराने पहुंचे विवि के अफसरों को बैरंग लौटना पड़ा। हालांकि, बाद में कुलपति प्रो. ओपीएस नेगी से मिले आश्वासन पर युवा शांत हुए। कुलपति ने भरोसा दिलाया कि मामले की जांच कर आगे निर्णय लिया जाएगा।

कांग्रेसी नेता हरीश पनेरू की अगुवाई में यूओयू के पूर्व छात्र–छात्राएं बुधवार को तीनपानी स्थित मुख्यालय के गेट पर एकत्र हुए। आरोप लगाया कि 2010, 2011 में यूओयू ने अपने सहायक केंद्र ह्यस्मार्ट स्किल हल्द्वानी की मदद से पंतनगर–गुरुग्राम की कई ऑटोमोबाइल कंपनियों के साथ मिलकर गोपनीय तरीके से एमओयू किया। इसके बाद युवाओं को मौखिक रूप से स्थायी नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया गया। आरोप है कि कोर्स पूरा होने के बाद नौकरी नहीं दी गई। ऊपर से फर्जी सर्टिफिकेट और डिप्लोमा थमा दिए गए। युवाओं ने आरोप लगाया कि जो कोर्स शुरू किया गया था उसका कोई ट्रेड तो दूर यूजीसी से मान्यता तक नहीं है। ऐसे में सरकारी और प्राइवेट संस्थान में कहीं भी नौकरी के लिए आवेदन नहीं हो पा रहा है। सैकड़ों छात्र छात्राएं बीते दो साल से बेरोजगार हैं। युवाओं के प्रदर्शन के दौरान उनसे बातचीत के लिए यूओयू के अफसर पहुंचे, लेकिन कोई बात नहीं हुई। बाद में सभी को वार्ता के लिए कुलपति प्रो. ओपीएस नेगी के पास ले जाया गया। जहां युवाओं ने कुलपति से अपने सर्टिफिकेट और डिप्लोमा की मान्यता के बारे में सवाल पूछे। बताया कि सभी युवा पिछले 1 साल से अपनी समस्या के समाधान की मांग डीएम–एसएसपी ऊधम सिंह नगर, लेबर कोर्ट कमिश्नर रुद्रपुर, कुमाऊं कमिश्नर नैनीताल के समक्ष भी उठा चुके हैं। कुलपति प्रो. नेगी ने कहा कि 29 दिसंबर (आज) को एक टीम गठित कर मामले की जांच की जाएगी। उसके बाद ही आगे की जानकारी दी जा सकेगी।

प्रदर्शन वालों में ये रहे मौजूद

राकेश पांडे, भुवन भट्ट, भरत नेगी, प्रह्लाद सिंह, प्रियंका बेलाल, निधि जोशी, दीपक गुप्ता, इंदर सिंह, अमन राठौर, रोहित पांडे, हिमांशु बिष्ट, अंकुर जलाल, नीरज पांडे, विनोद जोशी, दर्शन सिंह, तारा सिंह कोरंगा, नरेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, दीप सुयाल, जीवन मंडल, मोहम्मद नाजिम, निशा आदि शामिल रहे।

## डीआईजी कुमाऊं ने दी अपराध की जानकारी

पिथौरागढ़ : डीआईजी कुमाऊं डॉ. नीलेश आनंद भरणे दो दिवसीय भ्रमण पर यहां पहुंचे। मंगलवार को उन्होंने नगर के नगर पालिका के समीप स्थित रामलीला मैदान में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को बाल अपराध, महिला सुरक्षा, चाइल्ड हेल्प लाइन, बाल भिक्षावृत्ति, साइबर क्राइम, बाल विवाह, नशा मुक्ति के बारे में बताया। साथ ही हेल्प लाइन नंबर 112, 1090, गोरा एप, उत्तराखंड पुलिस एप के बारे में भी जानकारी दी। (एजेंसी)

# कांग्रेसियों ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस



चम्पावत : टनकपुर में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्टी का 138वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। इस दौरान नवनिर्वाचित यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष, विस अध्यक्ष और एनएसयूआई समर्थित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। बुधवार को कांग्रेस कार्यालय में पूर्व कांग्रेस विधायक हेमेश खर्कवाल ने स्थापना दिवस पर पार्टी की रीति नीति की जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए दायित्वों का निर्वहन करने की अपील की। पूर्व विधायक खर्कवाल ने नवनिर्वाचित यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विनोद बडेला, विस अध्यक्ष नीरज मिश्रा, छात्रा उपाध्यक्ष भावना बोहरा, कोषाध्यक्ष साहिल गिरी और उपसचिव तुषार मिश्रा का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व सभासद देवेंद्र सिंह, दिप्पू नाथ, श्याम प्रजापति, दीपक बेलवाल, नाथ सिंह बोहरा, शिवानी जोशी, रेनू मेहता, दिव्या मेहरा, ईशा मिश्रा, खुशी चंद, हर्षिका गुप्ता, वैशाली गिरी, तनिष्का आदि रहे। (एजेंसी)

# वर्तमान में तकनीकी रूप से कौशल प्राप्त करने की आवश्यकता



आकाशवाणी पौड़ी के उद्घोषक योगम्बर पोल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : नेहरू युवा केंद्र, पौड़ी द्वारा कौशल आधारित उद्यमिता कार्यक्रम के अंतर्गत तीन माह के कटिंग एवं टेलरिंग प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन विकासक्षेत्र दुगड्डा के हल्दूखाता मल्ला में किया गया। युवा मंडलों के 25 युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित रमन रावत पोली ने कहा कि किसी भी देश के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए कौशल और ज्ञान दो प्रेरक बल है। वर्तमान वैश्विक दौर में तकनीकी रूप से कौशल प्राप्त करने की आवश्यकता है। जिला युवा अधिकारी शैलेश भट्ट ने कहा कि भारत सरकार कौशल विकास की योजनाओं के माध्यम से युवाओं को स्वरोजगार की ओर प्रेरित करने के लिए प्रयत्नशील है। कार्यक्रम में आकाशवाणी पौड़ी के उद्घोषक योगम्बर पोली ने कहा कि महिलाएं परिवार की जिम्मेदारियों के साथ ही कौशल विकास प्रशिक्षण लेकर स्वयं उद्यमी बनकर अन्य युवाओं को भी रोजगार से जोड़ सकते हैं। जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे अजय कुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देश में बेरोजगारी समाप्त करने की एक पहल है जिससे ज्यादा से ज्यादा युवाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें स्वरोजगार से जोड़कर स्वावलम्बी बनाना है। प्रशिक्षण केन्द्र की प्रशिक्षिका किरन देवी ने तीन माह के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम की जानकारी दी। कार्यक्रम में हल्दूखता तल्ला, मल्ला, झण्डीचौड़, दुर्गापुरी, जशोधरपुर, डाबर, लोकमणिपुर, कलालघाटी आदि गांव के युवा प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इस मौके पर ज्योति, प्रभाकर द्विवेदी, प्रतिमा, मोनिका, राखी देवी, दीपा देवी आदि मौजूद थे।

## स्वयं सेवियों को दी आदर्श नागरिक बनने की प्रेरणा

रुद्रप्रयाग : राइंका घंघासू बांगर की राष्ट्रीय सेवायोजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर राप्रावि मथ्या गांव में शुरू हुआ। शिविर का शुभारंभ प्रधान मथ्यागांव सज्जन सिंह नेगी, एसएमसी अध्यक्ष विनोद नेगी, महिला मंगल दल अध्यक्षा ऊषा देवी ने किया। मुख्य अतिथि प्रधान सज्जन सिंह नेगी ने स्वयंसेवियों को भविष्य में समाज के लिए मिलजुल कर कार्य करने का आह्वान किया तथा एक आदर्श नागरिक बनने की प्रेरणा दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य वीएस राणा ने स्वयं सेवियों को सहयोगात्मक भावना से कार्य करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम अधिकारी पीएस नेगी ने सात दिवसीय शिविर के दौरान स्वयंसेवियों द्वारा किए जाने वाले क्रिया कलापों पर विस्तार से बताया। संचालन भुवनेश्वर पुरोहित ने किया। इस अवसर पर स्वयं सेवियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के द्वारा नशामुक्ति, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, स्वच्छता अभियान एवं समाज में फैली विभिन्न कुरीतियों के बारे में जागरूकता का संदेश दिया।

## जय हो संगठन के कार्यकर्ताओं ने किया रेलवे निर्माण कंपनी के अधिकारियों का घेराव

श्रीनगर गढ़वाल : जय हो छात्र संगठन ने रेल लाइन निर्माण कार्य से उड़ रही धूल व जगह-जगह जमा हो रहे मलबे व कीचड़ से हो रही समस्या के विरोध में रेल विकास निगम एवं रेल निर्माण कार्य में लगी कंपनियों के अधिकारियों का घेराव किया। इस मौके पर छात्र नेताओं ने कहा कि इससे विवि व स्कूलों के छात्रों सहित स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों से होकर गुजरना पड़ रहा है। उन्होंने कहा यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो उन्हें उग्र आंदोलन के लिए विवश होना पड़ेगा।

जय हो संगठन के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को जीआईटीआई मैदान में रेल लाइन निर्माण में लगी कंपनियों के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए कैवल्य जखमोला, अंकित रावत, सुशांधु थपलियाल ने कहा कि रेलवे टनल एवं डंपिंग ग्राउंड के एग्जिट पॉइंट्स पर रोड में मलबे के जमा होने के कारण वाहनों का आए दिन दुर्घटनाग्रस्त होना आम बात हो गई है।

जिससे लोग बुरी तरह से चोटिल हो रहे हैं। साथ ही सड़कों व टनलों के बाहर जमे हुए मलबे से पूरे शहर में धूल की समस्या उत्पन्न हो गई है। जिससे सांस संबंधी समस्या व अन्य दिक्कतें लोगों को हो रही हैं। कहा कई बार प्रशासन व रेलवे अधिकारियों के समक्ष यह मामला उठने के बावजूद कोई कार्यवाही अमल में नहीं लाई जा रही है। उन्होंने कहा यदि 3 दिन के भीतर इन मामलों में सकारात्मक कार्यवाही नहीं की गई तो उन्हें तमाम उन साइटों पर जहां जहां नियमों के विरुद्ध कार्य हो रहा है वहां पर उग्र आंदोलन कर कार्य रोक दिया जाएगा। जिसमें जिम्मेदारी प्रशासन व रेल विकास निगम की होगी।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

ऋद्धिकेश। हरिद्वार–देहरादून नेशनल हाईवे पर एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकरा गई, जिसमें सवार युवक जख्मी हो गया। राहगीरों की सूचना पर आपातकालीन 108 सेवा मौके पर पहुंची, जिसके बाद घायल को एम्स में भर्ती कराया गया। गंभीर चोटें लगने की वजह से युवक को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रायवाला पुलिस के मुताबिक यह घटना मंगलवार की देर रात हुई। 30 वर्षीय भरत पुत्र किरतपाल निवासी ग्रामसभा गढ़ी मयचक, ऋषिकेश देहरादून से कार में सवार होकर घर लौट रहा था।

## खोया-पाया

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा श्री सतेन्द्र सिंह पुत्र मंगल सिंह निवासी ग्राम हरसिंहपुर, पट्टी सुखरो, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल से दिनांक 05-08-2013 को ग्राम घमण्डपुर, पट्टी मोटाढ़ाक, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल के साबिक खाता खतौनी संख्या 15, हाल खाता संख्या 14 के खसरा संख्या 170क मध्ये 0.009 हैक्टेयर भूमि जरिये पंजीकृत बयनामा क्रय की गई है। उक्त भूमि श्री सतेन्द्र सिंह पुत्र मंगल सिंह द्वारा उत्तम कुमार पुत्र मथुरा प्रसाद से दिनांक 13-09-2011 को जरिए पंजीकृत बयनामा क्रय की गयी थी, जिसका पंजीकरण सब-रजिस्ट्रार कार्यालय कोटद्वार में दिनांक 13-09-2011 को बही 1, जिल्द 332, पृष्ठ 122, एडी0 बही 1, जिल्द 352, पृष्ठ 543-550 में क्रमांक 3506 पर पंजीकृत हुआ था। जिसका मूल बयनामा दिनांक 13-09-2011 कोटद्वार में मुझसे कहीं खो गया हैं, जो काफी खोजबीन करने के बावजूद नहीं मिल पा रहा है। इस सम्बन्ध में कोतवाली कोटद्वार में 20-12-2022 को गुमशुदगी पंजीकृत करायी गयी है। मेरे द्वारा उक्त भूमि पर उत्तराखण्ड ग्रामीण बैंक लालपुर कोटद्वार से ऋण हेतु आवेदन किया जा रहा है। यदि किसी सर्वजन को इस सन्दर्भ में कोई आपत्ति हो तो यू0जी0बी0 लालपुर कोटद्वार से सम्पर्क करें।

**संजयपाल पुत्र हर्षमणी**
**ग्राम किमोली, दक्षिण मौदांडस्यूं**
**सतपुली गढ़वाल, मोबाईल नंबर - 9639333965**
(0771/25)

## हिमाचल में होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे कार्यकर्ता : चौधरी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भारत तिब्बत सहयोग मंच के प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौधरी एक दिवसीय दौरे पर कोटद्वार पहुंचे। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान अनिल चौधरी ने संगठन विस्तार और संगठन कार्य की जानकारी कार्यकर्ताओं से ली। उन्होंने अगले वर्ष धर्मशाला हिमाचल में होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों में जुटने के लिए कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं के सहयोग से ही कार्यक्रम का सफल आयोजन होगा।

मंच के प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौधरी ने कहा कि अगले वर्ष भारत तिब्बत सहयोग मंच को 25 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। इस अवसर पर तिब्बत सरकार की राजधानी धर्मशाला हिमाचल में बड़ा कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है। जिसके लिए पूरे देश भर से भारत तिब्बत सहयोग मंच के कार्यकर्ता और तिब्बत की आजादी के समर्थक जुटेंगे। उस कार्यक्रम की सफलता के लिए अभी से ही मंच के कार्यकर्ताओं को जोर शोर से कार्य करना होगा। इस अवसर पर मंच के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य विपिन कैंथोला, प्रदेश महामंत्री हेमेंद्र सिंह चौहान, प्रदेश महामंत्री धर्मवीर सिंह गुसाईं, मंच के महानगर अध्यक्ष कुलदीप रावत, रानी नेगी, शशि बाला केष्टवाल, अर्चना शर्मा, कमलेश कोटनाला, मुन्नालाल मिश्रा, नरेंद्र चौहान आदि मौजूद थे।

## आधा किलो चरस के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

विकासनगर। सहसपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत धर्मावाला पुलिस ने अवैध चरस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी मंगलवार रात को संदिग्ध हालत में सहारनपुर रोड पर घूम रहा था। पुलिस गश्ती टीम ने आरोपी को दबोचकर उसकी तलाशी ली। आरोपी के पास से पुलिस ने 565 ग्राम चरस बरामद की। आरोपी शाहरुख पुत्र मुमताज निवासी रेड़पुर छरबा को गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी धर्मावाला भारत सिंह रावत ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस ऐक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

# आरटीआई के तहत प्राप्त आवेदनों का समय से निस्तारण करें


डीएम डॉ. आशीष चौहान बैठक को संबोधित करते हुए।

जयन्त प्रतिनिधि।पौड़ी : उत्तराखंड सेवा का अधिकार अधिनियम-2011 के तहत प्राप्त आवेदनों का समय से निस्तारण करने के निर्देश जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने जिला कार्यालय सभागार में अयोजित बैठक में दिये। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजनमानस को समय पर हर प्रकार की सेवा उपलब्ध कराएं, जिससे लोगों को परेशानियों का समाना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जिस विभाग का जनता को सेवा देने में बेहतर प्रदर्शन रहेगा उसे पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया जायेगा। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ने कहा कि सीएम पोर्टल, मुख्यमंत्री घोषणा, कोविड वैक्सीनेशन, विद्यालयों व अन्य क्षेत्रों में पेयजल सहित अन्य प्राप्त शिकायतों का समय पर निस्तारण करें। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद में सर्टिफिकेट ड्राइव चलाना सुनिश्चित करें, जिसके तहत विद्यालयों में कैम्प का आयोजन कर आय प्रमाण पत्र, जाति, मूल निवास, जन्म, मृत्यु आदि प्रमाण पत्रों को निर्गत करें। उन्होंने समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि तहसील स्तर से जारी होने वाले प्रमाण पत्रों का समबद्धता पर निर्गत करें। डीएम ने संबंधित अधिकारी को आजीविका मेला, किताब कौथिग लगाने को कहा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डे, उपजिलाधिकारी सदर आकाश जोशी, चौबट्टाखाल संदीप कुमार, सीओ पुलिस प्रेमलाल टम्टा, मुख्य कृषि अधिकारी अमरेंद्र चौधरी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी पीएस बिष्ट, मुष्य उद्यान अधिकारी डीके तिवारी, कोषाधिकारी आलोक शाह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## कांग्रेसियों ने पार्टी का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

नई टिहरी : पार्टी के 138 वें स्थापना दिवस पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बौराड़ी जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरित कर उनके जल्द स्वास्थ्य होने की कामना की। जिलाध्यक्ष राकेश राणा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी महात्मा गांधी के आदर्शों, नेहरू के विचार, सुभाष चंद्र बोस के ओजस्व, सरदार बल्लभ भाई पटेल और मौलाना आजाद के विचारों पर चलते हुये आज 138 साल की हो गई है। कहा कि राहुल गांधी कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा कर रहे हैं, उनकी यह यात्रा देश को समर्पित है। इस यात्रा से कांग्रेस को और मजबूती मिलेगी। प्रदेश प्रवक्ता शांति प्रसाद भट्ट ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 137 गौरवशाली वर्षों की यात्रा पूरी कर ली है। 138 वें स्थापना दिवस पर कांग्रेस उन महान स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों को भावपूर्ण स्मरण करती है, जिनकी वहज हमें यह देश मिला है। मौके पर शहरध्यक्ष देवेंद्र नौटियाल, मशर्रफ अली, जिलाध्यक्ष दर्शनी रावत, प्रदीप चंद रमोला, मुर्तजा बैग, नवीन सेमवाल, नफीस खान आदि उपस्थित थे। (एजेंसी)

# स्वयं सेवी समाज में फैली कुरीतियों को दूर करें : शाह

## रंगारंग कार्यक्रमों के साथ एनएसएस शिविर शुरू

रुद्रप्रयाग : राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई रतूड़ा का सात दिवसीय विशेष शिविर राधेश्याम जनता जूनियर हाई स्कूल गडोरा में रंगारंग कार्यक्रमों के साथ शुरू हुआ।

इस मौके पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अमरदेई शाह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य स्वयं का नैतिक विकास करते हुए समाज में फैली कुरीतियों को दूर करना है। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि शिविर में रहकर एक दूसरे से सीखने व नेतृत्व के गुण का विकास होता है। उन्होंने कहा कि विशेष शिविर में बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवकों को वह अपने स्तर से सम्मानित करेंगी। उन्होंने राजकीय इंटर कॉलेज रतूड़ा के बाद बहुद्देशीय हॉल में टाइल्स का सजावट एंड सामग्री देने की घोषणा की।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि स्थानीय जिला पंचायत सदस्य शीला रावत ने कहा कि इस प्रकार शिविर से स्वयंसेवी समाज में चेतना लाकर स्वयं को एक आदर्श नागरिक बनाने का एक सुनहरा अवसर है। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र त्रिपाठी ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए स्थानीय लोगों से स्वयंसेवी के सहयोग की अपील की।

कार्यक्रम अधिकारी एमएस बिष्ट ने शिविर के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए सात दिवसीय शिविर की कार्ययोजना प्रस्तुत की। सिटी अध्यक्ष शशि रतूड़ी ने कहा कि स्वयंसेवकों को शिविर में अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए। इस मौके पर पूर्व पीटीए अध्यक्ष राजेंद्र सिंह नेगी, वरिष्ठ प्रवक्ता ललित मोहन दरमोड़ा, दिलबर भंडारी, डीके नेगी, रेखा पंवार, ठाकुर सिंह रावत, शिव सिंह रावत ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन शीशपाल पंवार ने किया। इस अवसर पर डीपी पांडे दिनेश बिष्ट, डीएस मिंगवाल, सतीश नेगी, आरसी चमोला, बीरबल कोठियाल, बिनीता पंवार, अशोक, बीरु लाल, देवचंद् एसएमसी अध्यक्ष सुशीला देवी, बलवंत लाल, नीलम देवी, कमला खंडूडी, मंजू देवी, हयात सिंह, आंचल आर्य, राखी भंडारी, अभिलाषा चौधरी, सानिया बिष्ट, तनिशा भंडारी, अर्जुन कठैत, सुमित राणा, कंचन, कशिश प्रजापति आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## पछुवादून संयुक्त समिति ने शीशमबाड़ा प्लांट के प्रबंधन का घेराव किया

विकासनगर। पछुवादून संयुक्त समिति के प्रतिनिधि मंडल ने शीशमबाड़ा वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का संचालन करने वाली कंपनी के प्रबंधन का घेराव कर प्लांट में व्याप्त खामियों पर कड़ा आक्रोश जताया। साथ ही लोगों ने प्रबंधन को आगाह किया कि प्लांट का विस्तारीकरण कदापि न किया जाए। बल्कि प्लांट को जल्द स्थानांतरित करने की कार्यवाही अमल में लाई जाए। बुधवार को समिति के सचिव राजेंद्र राज गंगसारी ने कहा कि प्लांट के संचालन के लिए सरकार ने कंपनी बदली है लेकिन कार्यशैली में कोई बदलाव नहीं आया है और भविष्य में सुधार की उम्मीद बेमानी है।

## नशा एक अनावश्यक सामाजिक बुराईः डॉ. मुरुगेशन

विकासनगर। सरदार महिपाल राजेंद्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय साहिया में नशा मुक्त देवभूमि अभियान के तहत संगोष्ठी आयोजित की गई। पुलिस प्रशासन की ओर से आयोजित संगोष्ठी अपर पुलिस महानिदेशक ने छात्र–छात्राओं को नशे से होने वाले नुकसान की जानकारी दी गई।

बुधवार को एडीजी डॉ. वी मुरुगेशन ने कहा कि नशा एक अनावश्यक बुराई है, जो समाज को खोखला करती जा रही है और युवाओं को प्रभावित कर रही है। कहा कि उत्तराखंड को नशा मुक्त कराने के लिए सरकार और पुलिस विभाग हर संभव प्रयास कर रहा है ' नशा मुक्त देवभूमि के लिए नशे के व्यापार की चेन को तोड़ना आवश्यक है।

## संबंध विच्छेद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र संजय कुमार पुत्र मदन लाल एवं पुत्रवधु नेहा देवी उर्फ निक्की मेरे कहने सुनने में नहीं है। जिस कारण मैं अपने पुत्र पुत्र संजय कुमार एवं पुत्रवधु नेहा देवी उर्फ निक्की से सम्बन्ध विच्छेद करती हूं तथा अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। यदि भविष्य में मेरे पुत्र संजय कुमार एवं पुत्रवधु नेहा देवी उर्फ निक्की द्वारा किसी भी प्रकार का कृत्य व लेन-देन किया जाता है तो वह उसके लिए स्वयं जिम्मेदार रहेगें, उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए मेरी कोई जिम्मेदार नहीं होगी।

**दया देवी पत्नी मदन लाल**
**निवासी पहाड़गंज, दुगड्डा,**
**तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी**
**गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**
(0768/25)


**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा

**शुद्धि-पत्र**

विद्युत वितरण खण्ड नैनीडांडा के पत्रांक 281/वि0वि0नै0/टी-6 दि0 27.12.2022 के द्वारा समाचार पत्र अमर उजाला, हिन्दुस्तान व दैनिक जयन्त में दि0 28.12.2022 के अंक में प्रकाशित निविदा सूचना में विद्युत वितरण खण्ड कोटद्वार के स्थान पर विद्युत वितरण खण्ड नैनीडांडा समझा व पढ़ा जाये।

अधिशासी अभियन्ता

विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें "राष्ट्र हित में बिजली बचायें" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)



**उत्तर रेलवे**
टेंडर नोटिस

टेंडर नं. 280-डी आर एम-एम बी 22-23 — दिनांकः 28.12.2022

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक, मुरादाबाद द्वारा ई टेंडर संख्या 280-डी आर एम-एम बी 22-23 जिसके बंद होने की तिथि 19.01.2023 है। ... www.ireps.gov.in पर देखें। ... through online payment mode जो कि IREPS ... नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि ...

आज़ादी का अमृत महोत्सव — G20 — 3457/22


## सीडीओ बोले कूड़ा निस्तारण को लेकर तैयार करें रूट प्लान

नई टिहरी : सीडीओ ने सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबन्ध एवं ठोस कचरा प्रबन्धन को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को ग्रामीण, शहरी एवं वन क्षेत्रान्तर्गत कूड़ा निस्तारण को लेकर अपना-अपना रूट प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। बुधवार को सीडीओ मनीष कुमार ने यूज प्लास्टिक के प्रतिबन्ध एवं ठोस कचरा प्रबन्धन की बैठक में अधिकारियों को अधिक से अधिक चालान की कार्यवाही करते हुए चालान की रिपोर्ट एसडीएम को उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने सभी एसडीएम, जिला स्तरीय अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग की अधिसूचना तथा हाईकोर्ट के आदेशों के अवहेलना करने वालों के खिलाफ लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई अमल में लाने की बात कही। साथ ही ईओ, एएमए जिला पंचायत, डीपीआरओ को होर्डिग्स, बैनर, पोस्टर, वॉल पेंटिग, समाचार पत्रों आदि के माध्यम से वृहद् स्तर पर जन-जागरूक अभियान चलाने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग को रोकने, कूड़ा के लिए कलेक्शन सेंटर चिन्हित करने, ग्राम सभाओं में स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से मॉडल के रूप में कार्य करने, यूजर चार्जेज फिक्स करने, सभी वाहनों में डस्टबिन लगाये जाने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए।

## टिहरी में होगा एशियाई चैंपियनशिप और ओलपिंक के लिए खिलाड़ियों का चयन

नई टिहरी : टिहरी झील में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की वाटर स्पोर्ट्स प्रतियोगताओं को बढ़ावा देने के लिए टीएचडीसी ने पहली बार टिहरी झील में चौथी रैंकिग एवं ओपन कैनो स्प्रिंट सीनियर पुरुष व महिला चैंपियनशिप का आयोजन किया है। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली इस चैंपियनशिप से एशियाई चैंपियनशिप और ओलंपिक के लिए खिलाड़ियों का चयन होगा। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री सिंह ने इसे लेकर कहा कि हमारा मकसद है कि इस चैंपियनशिप के प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं में देश को मेडल लाकर दें। उन्होंने ऊर्जा सेक्टर में काम करने वाली कंपनियों से कहा कि किसी न किसी खेल को एडाप्ट कर उसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को विकसित करने का काम करें। टीएचडीसी टिहरी झील में केनोईंग व क्याकिंग की अंतरराष्ट्रीय स्तर की एकेडमी विकसित करने का काम करेग। स्थानीय युवाओं को निःशुल्क सुविधायें देकर आगे लाने का काम किया जाएगा। टीएचडीसी के सीएमडी आरके विश्नोई ने कहा कि टीएचडीसी सामाजिक उत्तरादायित्व के तहत इस काम को अंजाम देगी। इस मौके पर केंद्रीय कैबिनेट ऊर्जा मंत्री व सीएम मुख्यमंत्री धामी ने स्टॉल का निरीक्षण करते हुए सेल्फी प्वांइट पर फोटो शूट तथा क्याकिंग प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता प्रतिभागियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सीएमडी आरके विश्नोई ने बताया कि टीएचडीसी भारत की अग्रणी विद्युत उत्पादन कंपनियों में है। (एजेंसी)

## दो आरोपी गिरफ्तार

नई टिहरी : नरेन्द्रनगर थाना ने पुलिस ने चोरी के दो आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। बीती मंगलवार रात को रात्रि गश्त के दौरान नरेन्द्रनगर के प्लास्डा चौकी से करीब तीन सौ मीटर की दूरी पर खराब खड़ी एक कार से दो लोग चोरी कर रहे थे। आरोपी कार के तीन टायर, स्टीरियों तथा कई अन्य सामान अपने चुरा कर ले जा रहे थे, तभी गश्ती पुलिस टीम ने अभियुक्त आदित्य रावत ग्राम सल्डोगी तथा विजय पुंडीर ग्राम सरस्वार नरेन्द्रनगर को चोरी के सामान के साथ पकड़ लिया।


**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, श्रीनगर (गढ़वाल) दूरभाष: 01346-252137,
Email: dgmsri.upcl@yahoo.com कॉरपोरेट आइडेंटी संख्या (CIN) U40109UP2001SGC025867/2358

**"ई-निविदा सूचना"** — दिनांक :28/12/2022

विद्युत वितरण मण्डल श्रीनगर (ग0) के अधीन विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार के अन्तर्गत निम्न कार्य हेतु ... श्रेणी विद्युत में पंजीकृत लाइसेन्सधारकों से जो कि ... से ई-निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र मूल्य एवं धरोहर राशि अधिशासी अभियन्ता, विद्युत परीक्षण खण्ड, श्रीनगर गढ़वाल के नाम से देय हो। निविदा जमा व खोलने का विवरण निम्नवत है–

| ई-निविदा सं0 | कार्य का विवरण | धरोहर राशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | निविदा प्रपत्र ऑफलाइन (कार्यालय में) जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | ऑनलाइन एवं ऑफलाइन निविदा भाग-1 खोलने की तिथि एवं समय |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 25/वि0वि0श्री/2022-23 | विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार के अन्तर्गत 33/11 के0वी0 उपसंस्थान कलसाड़ी के अनुरक्षण, नये संयोजन एवं बिलिंग कार्य वाह्य एजेन्सी के माध्यम से एक वर्ष सम्पादित कराये जाने का कार्य। | 72,000.00 | रू0 1180.00 (जीएसटी सहित) | 16.01.2023 12:00 बजे तक | 17.01.2023 12.00 बजे प्रथम भाग |
| 26/वि0वि0श्री/2022-23 | विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार के अन्तर्गत 33/11 के0वी0 उपसंस्थान बिजनी बड़ी के अनुरक्षण, नये संयोजन एवं बिलिंग कार्य वाह्य एजेन्सी के माध्यम से एक वर्ष सम्पादित कराये जाने का कार्य। | 72,000.00 | रू0 1180.00 (जीएसटी सहित) | 16.01.2023 12:00 बजे तक | 17.01.2023 12.00 बजे प्रथम भाग |

Note:-
1- Part-I of tender shall be opened on same day. Bidder must qualify above requirements in order to complete in the Tender. Failing to submit above documents in Part-I. Shall be disqualified.
2- Part-II of the tender will be opened after getting approval from competent authority.
For further details, please visit after on our website www.uktenders.gov.in. For any assistance on e-Tendering please contact 01346-252137.
पत्रांक: 2938/वि0वि0मं0श्री0/टी-9 — अधीक्षण अभियन्ता

राष्ट्र हित में विद्युत बचायें — बिजली बचाने हेतु एल0ई0डी0 बल्ब का प्रयोग करें
"Pay Electricity bill Online 24x7 from www.upcl.org" Customer Care Toll Free No.-1800 419 0405

सम्पादकीय

# सड़कों की स्थिति

बात उत्तराखंड के सड़क मार्ग की है जो बुरी तरह से नगरों एवं देहात क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त स्थिति में है। राजधानी देहरादून में भी सड़कों की स्थिति इस प्रकार से बिगड़ चुकी है कि आए दिन इन टूटी सड़कों के कारण यातायात प्रबंधन भी प्रभावित हो रहा है। प्रबंधन के लिए सड़कों की दशा ठीक होना बेहद जरूरी है और इसी दिशा में संबंधित विभाग द्वारा कराए गए कार्य बरसात में कार्यों की गुणवत्ता की पोल खो चुके हैं। प्रदेश की राजधानी देहरादून में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत लंबे समय से कार्य चल रहे हैं लेकिन राजधानी में ही सड़के दुर्दशा की मार झेल रही हैं। सड़कों के कारण राजधानी की यातायात व्यवस्था बद से बदतर हो चुकी है। बरसात के दौरान जल निकासी ना होने के कारण सड़कें और नदी नालों में अंतर समाप्त हो चुका है। स्थिति यह है कि हाल ही में बनाई गई कुछ छड़ के या तो पूरी तरह से गायब हो चुकी है या फिर उनमें बड़े-बड़े गड्ढे नजर आने लगे हैं। विडंबना ही है कि इन्हीं सड़कों से नित्य तौर पर सरकार के नुमाइंदों से लेकर विभागीय अधिकारी भी गुजरते हैं लेकिन व्यवस्थाओं की हालत के आगे सब मौन धारण किए हुए हैं। यहां इस बात की जांच अवश्य होनी चाहिए कि आखिर हाल ही में बनाई गई सड़कों की एक ही मानसून में ऐसी दुर्दशा क्यों हो गई? क्या निर्माण कार्यों के टेंडर जारी करने के दौरान सड़कों की गुणवत्ता या उनके टिके रहने की मियाद निर्धारित नहीं की जा सकती? कहने को गुणवत्ता एवं सड़क की मजबूती के मानक तय है, लेकिन निर्माण के बाद जो असली सूरत देखने को मिलती है वह खुद संबंधित विभागों की कार्यशैली की पोल खोलने के लिए काफी है। राजधानी में तो विभाग ने अपनी लापरवाही टुपाने के लिए गड्ढों में ष्काम चलाओष टाइलें लगाने का काम किया है, लेकिन वह भी आधा अधूरा। देहरादून से लेकर हरिद्वार एवं पहाड़ व मैदान के क्षेत्रों तक सड़कें अपना वजूद खो रही है और दुर्दशा के दौर से गुजर रही हैं। जीरो टलरेंस का दावा करने वाली राज्य सरकार को यह भी निर्धारित कर लेना चाहिए । निर्माण कार्यो के लिए जारी किए जाने वाले टेंडर किस प्रकार के लोगों को दिए जाने चाहिए और इनकी मनिटरिंग के लिए क्या कड़े कदम उठाए जा सकते हैं? आमतौर पर सड़क के बनने के बाद सड़कों की गुणवत्ता कागजों में ही चेक हो जाती है और कुछ ही समय बाद सड़कें क्षतिग्रस्त स्थिति में दिखने लगती हैं। ऐसी व्यवस्था उसे निपटने के लिए राज्य सरकार को एक नीति बनानी चाहिए जो यह निर्धारित करें कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और उसके टिके रहने की मियाद का पैमाना क्या होना चाहिए? राज्य सरकार का यह दायित्व है कि वह नागरिकों को ऐसी व्यवस्था उपलब्ध कराएं जो परेशानियां बढ़ाने के बजाय सुविधाजनक साबित हो।

# महंगाई का विमर्श



इस बार की महंगाई असल में बाजार में नकदी की अधिकता की वजह से नहीं रही है। बल्कि सप्लाई चेन बुरी तरह प्रभावित होने का भी यह परिणाम है। इसलिए ब्याज दरें घटाने का भी ज्यादा असर नहीं हुआ है। उलटे इस नीति की वजह से मध्य वर्ग पर कर्ज चुकाने का बोझ बढ़ा है।

मुद्रास्फीति दर में गिरावट से यह धारणा बनने या बनाई जाने लगती है कि अब महंगाई घटने लगी है। जबकि असल इसका मतलब सिर्फ यह होता है कि महंगाई बढने की दर में गिरावट आई है। यानी अगर ये दर बीते महीने की तुलना में आठ से घट कर सात प्रतिशत पर आ जाए, तो उसका अर्थ यह होगा कि जहां बीते महीने में चीजों के दाम आठ प्रतिशत बढ़े थे, वहीं संबंधित महीने में यह वृद्धि सात प्रतिशत की हुई। यानी महंगाई तो फिर बढ़ी। इसलिए हाल में भारत में आए आंकड़े किसी रूप में संतोष का कारण नहीं हो सकते। फिर यह देखने की बात भी है कि महंगाई दर में गिरावट (अगर यह टिकाऊ साबित होती है तो) किस कीमत पर आई है। भारतीय रिजर्व बैंक ने दुनिया के अन्य सेंट्रल बैंकों की तरह मुद्रास्फीति नियंत्रित करने के लिए ब्याज दर बढने का तरीका अपनाया है। इसका एक परिणाम आर्थिक वृद्धि दर में गिरावट के रूप में आना तय है। अब देखने की बात यह होगी कि क्या आर्थिक वृद्धि दर महंगाई दर से भी नीचे आ जाती है। अगर ऐसा हुआ, तो उस स्थिति स्टैगफ्लेशन कहा जाता है।

यह संकट का सूचक होता है। आज स्टैगफ्लेशन का खतरा लगभग दुनिया के तमाम देशों में है। अब तक अनुभव यह है कि ब्याज दरें बढ़ाने से महंगाई उस अनुपात में नहीं घटी है, जिसकी उम्मीद की गई थी। इसका एक कारण यह है कि इस बार की महंगाई असल में बाजार में नकदी की अधिकता की वजह से नहीं रही है। बल्कि सप्लाई चेन बुरी तरह प्रभावित होने का भी यह परिणाम है। इसलिए ब्याज दरें घटाने का भी ज्यादा असर नहीं हुआ है। उलटे इस नीति की वजह से मध्य वर्ग पर कर्ज चुकाने का बोझ बढ़ा है, जिससे उपभोग घटने के साफ संकेत हैं। उसका असर औद्योगिक विकास दर पर पड़ा है। स्टैगफ्लेशन की स्थिति को निर्मित करने में इस पहलू का भी योगदान है। यह दीगर बात है कि भारत सरकार की समस्या को स्वीकार करने को तैयार नहीं दिख रही है।

भारत में आए आंकड़े किसी रूप में संतोष का कारण नहीं हो सकते। फिर यह देखने की बात भी है कि महंगाई दर में गिरावट (अगर यह टिकाऊ साबित होती है तो) किस कीमत पर आई है। भारतीय रिजर्व बैंक ने दुनिया के अन्य सेंट्रल बैंकों की तरह मुद्रास्फीति नियंत्रित करने के लिए ब्याज दर बढने का तरीका अपनाया है। इसका एक परिणाम आर्थिक वृद्धि दर में गिरावट के रूप में आना तय है।
अब देखने की बात यह होगी कि क्या आर्थिक वृद्धि दर महंगाई दर से भी नीचे आ जाती है। अगर ऐसा हुआ, तो उस स्थिति स्टैगफ्लेशन कहा जाता है।
यह संकट का सूचक होता है। आज स्टैगफ्लेशन का खतरा लगभग दुनिया के तमाम देशों में है। अब तक अनुभव यह है कि ब्याज दरें बढ़ाने से महंगाई उस अनुपात में नहीं घटी है, जिसकी उम्मीद की गई थी।
इसका एक कारण यह है कि इस बार की महंगाई असल में बाजार में नकदी की अधिकता की वजह से नहीं रही है।

# जी-20 और भारत की अध्यक्षता

**जून 2019 में व्यापार और डिजिटल अर्थव्यवस्था पर जी- 20 मंत्रिस्तरीय वक्तव्य के दौरान, और नवंबर 2021 में यूनेस्को द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की नैतिकता पर सिफारिशों के अनुसार, यह स्पष्ट करने की दिशा में एक शुरुआत की गई है कि सभी हितधारकों के बीच विश्वास पर ही एक डिजिटल समाज का निर्माण किया जाना चाहिए। जबकि एआई के एप्लीकेशन हमारे जीवन के अधिक से अधिक क्षेत्रों में शामिल हो रहे हैं, यह एआई के जिम्मेदारी भरे उपयोग को सुनिश्चित करने में सरकारों के साथ-साथ एसएआई दोनों की समझ, विनियमन और लेखापरीक्षा से जुड़ी जटिल चुनौतियों को सामने रख रहा है। एसएआई के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे एआई सिस्टम के इस्तेमाल से जुड़े मूल प्रश्नों को हल करने के लिए कारगर क्षमताओं को विकसित करें ताकि प्रभावी निरीक्षण के प्रतिनिधि के रूप में खुद को अनिवार्य रूप से स्थापित किया जा सके और व्यापक नीति निर्माण और कार्यान्वयन में साक्ष्य आधारित समर्थन प्रदान किया जा सके ।**




**अजय दीक्षित**

सन् 2022 में मोदी जी जी-20 के अध्यक्ष हैं । जी-20 विश्व की प्रमुख विकसित और उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं को जोडने वाला एक बहुपक्षीय रणनीतिक मंच है। भविष्य में विश्व के आर्थिक विकास और समृद्धि को सुरक्षित रखने में जी-20 की एक महत्वपूर्ण भूमिका है। एक साथ मिलकर जी-20 के सदस्य दुनिया की जीडीपी का 80 प्रतिशत से अधिक, अंतरराष्ट्रीय व्यापार का 75 प्रतिशत और दुनिया की आबादी के 67 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करते हैं। जी-20 सदस्य देशों के सर्वोच्च लेखा परीक्षण संस्थानों का एक समूह एसएआई-20 कार्य समूह शासन से जुड़ी संस्थाओं को मौजूदा समय में सामने आ रही समस्याओं का बेहतर, तेज और विश्वसनीय तरीके से हल निकालने में समर्थ बनाने के साथ ही नागरिकों को उच्च कोटि का जीवन प्रदान करने के लिए सरकारों को सक्षम बनाने की दिशा में काम करता है। इस कार्य समूह की स्थापना से एक इकोसिस्टम का निर्माण हुआ है जहां एसएआई सकारात्मक और जन केंद्रित दृढ़ नीतियों के माध्यम से शासन प्रणाली में साझेदार के रूप में बहु-हितधारक संबंधों के जरिए रणनीतियों को सुस्पष्ट और समन्वित करता है और साथ ही पारदर्शिता और जवाबदेही को भी आगे बढ़ाता है। एक दिसंबर 2022 को भारत के द्वारा जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण करने के साथ भारत का सीएजी यानी एसएआई इंडिया एसएआई-20 की अध्यक्षता करेगा। एसएआई इंडिया इस संपर्क समूह के महत्वपूर्ण स्तंभों के रूप में स्वतंत्रता, पारदर्शिता, जवाबदेही, सहयोग और निरंतरता की मान्यता के प्रति समर्पित रहेगा। जी-20 में भारत की अध्यक्षता के मार्गदर्शक सिद्धांत यानि वसुधैव कुटुम्बकम, जिसमें पूरे विश्व को एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के रूप में देखा जाता है, के तहत भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक प्राथमिकता वाले दो क्षेत्रों ब्लू इकोनमी और जिम्मेदार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर जी-20 एसएआई के सहयोग का प्रस्ताव रख रहे हैं। ब्लू इकोनमी एक ऐसी आर्थिक प्रणाली है जिसमें समुद्री और ताजे पानी के पर्यावरण के संरक्षण, उनके सतत उपयोग को बढ़ावा देने, खाद्य और ऊर्जा का उत्पादन करने, आजीविका में मदद करने और आर्थिक उन्नति और कल्याण में सहायक के रूप में कार्य करने के उद्देश्य से नीति और परिचालन-संबंधी आयामों की विस्तृत श्रेणी शामिल है। कप 26 में भारत के द्वारा प्रस्तुत की गई लाइफ यानि लाइफ स्टाइल अफ इन्वायरनमेंट की अवधारणा को ब्लू इकोनमी आगे ले जाती है जो कि समुद्री और मीठे पानी को नया जीवन देने और उसे बनाये रखने के लिए विचारहीन और अनावश्यक खपत की जगह सचेत और सुविचारित उपयोग की आवश्यकता पर जोर देती है। प्राथमिकता वाले क्षेत्र के रूप में, यह यूएन 2030 एजेंडा, विशेष रूप से (लेकिन अनन्य रूप में नहीं), लक्ष्य 14 अर्थात जलीय जीवन की उपलब्धियों पर एसएआई का ध्यान केंद्रित करने में मदद करता है। इसका उद्देश्य लेखा परीक्षण नीतियों और कार्यक्रमों पर इस तरह से सहयोग करना है जो ब्लू इकोनमी पर प्रभावशाली तरीके और प्रगतिशाली रूप में असर डाले और साथ ही समुदायों, क्षेत्रों के साथ-साथ राष्ट्रों तक फैले मजबूत अंतसंबंधों में और वृद्धि करे। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि मत्स्य पालन व्यवसाय से जुड़ा अधिकांश वर्ग आर्थिक रूप से कमजोर है, एसएआई को समाज में अधिक समावेशिता और लोगों के प्रति उनकी तत्काल प्रासंगिकता के हित में अधिक प्रभावी ढंग से अपने निरीक्षण का प्रयोग करने के लिए मजबूर करता है । जून 2019 में व्यापार और डिजिटल अर्थव्यवस्था पर जी- 20 मंत्रिस्तरीय वक्तव्य के दौरान, और नवंबर 2021 में यूनेस्को द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की नैतिकता पर सिफारिशों के अनुसार, यह स्पष्ट करने की दिशा में एक शुरुआत की गई है कि सभी हितधारकों के बीच विश्वास पर ही एक डिजिटल समाज का निर्माण किया जाना चाहिए। जबकि एआई के एप्लीकेशन हमारे जीवन के अधिक से अधिक क्षेत्रों में शामिल हो रहे हैं, यह एआई के जिम्मेदारी भरे उपयोग को सुनिश्चित करने में सरकारों के साथ-साथ एसएआई दोनों की समझ, विनियमन और लेखापरीक्षा से जुड़ी जटिल चुनौतियों को सामने रख रहा है। एसएआई के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे एआई सिस्टम के इस्तेमाल से जुड़े मूल प्रश्नों को हल करने के लिए कारगर क्षमताओं को विकसित करें ताकि प्रभावी निरीक्षण के प्रतिनिधि के रूप में खुद को अनिवार्य रूप से स्थापित किया जा सके और व्यापक नीति निर्माण और कार्यान्वयन में साक्ष्य आधारित समर्थन प्रदान किया जा सके ।

एक सामान्य सिद्धांत जो हमारी दिशा का मार्गदर्शन करेगा, वह एआई सिस्टम के विकास और उपयोग को इस तरह से विनियमित करने की आवश्यकता होगा जो इसके जीवन को बदलने वाले फायदों को पूरी तरह से हासिल करने में सक्षम बनाता है, जबकि उसी समय में जानबूझकर होने वाले दुरुपयोग या यहां तक गलतियों पर नजर रखता है। अत्यधिक प्रासंगिकता वाले प्राथमिकता के क्षेत्रों को आगे बढ़ाते हुए, एसएआई-20 के अध्यक्ष के रूप में भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक एक प्रभावशाली और बेजोड़ जी-20 अध्यक्षता के लिए जी-20 एसएआई के मजबूत, सफल और व्यापक रूप से भागीदारी वाले सहयोग का इरादा रखता है ।

# राहुल ने शुरू की नई परंपरा

राहुल गांधी ने राजनीति की नई परंपरा शुरू की है। वे भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की समाधि सदैव अटल पर गए और उनको श्रद्धांजलि दी। इससे पहले कांग्रेस पार्टी के नेता किसी भाजपा नेता की समाधि पर नहीं जाते थे। भाजपा के नेता भी कांग्रेस नेताओं की समाधि पर नहीं जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या उनकी पार्टी का कोई नेता पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी या राजीव गांधी की समाधि पर नहीं जाता है। इसलिए राहुल गांधी का अटल बिहारी वाजपेयी की समाधि पर जाना एक बड़ा राजनीतिक कदम है। यह सिर्फ दिखावे का कदम नहीं है, बल्कि बहुत सोच समझ कर उठाया गया है।



कांग्रेस के एक जानकार नेता का कहना है कि जिस तरह से प्रधानमंत्री मोदी और उनकी पार्टी पिछले कुछ समय से कांग्रेस नेताओं को अपना बनाने में लगी है उसी तरह का प्रयास कांग्रेस ने शुरू किया है। ध्यान रहे भाजपा ने कांग्रेस के दिग्गजों, सरदार वल्लभ भाई पटेल, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, महामना पंडित मदन मोहन मालवीय आदि को अपनाया है उसी तरह कांग्रेस की नजर लालष्ण आडवाणी और अटल बिहारी वाजपेयी पर है। इसमें भी वाजपेयी पर खासतौर से है क्योंकि वे घोषित रूप से नेहरूवादी माने जाते हैं।

बहरहाल, कांग्रेस के एक नेता ने कहा कि देर होने की वजह से शनिवार का कार्यक्रम स्थगित नहीं हुआ था, बल्कि खास कारण से राहुल गांधी शनिवार की शाम को महापुरुषों की समाधि पर नहीं गए थे। ध्यान रहे रविवार को अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती थी। इसलिए यह तय हुआ है कि राहुल उनकी जयंती के दिन ही उनकी समाधि पर जाकर श्रद्धांजलि दें। इससे अलग मैसेज जाएगा। पहला मैसेज तो यह है कि राहुल नफरत मिटा रहे हैं और अपनी तीन हजार किलोमीटर की यात्रा से उन्होंने मोहब्बत का सबक लिया है। दूसरा मैसेज यह है कि वाजपेयी वाली भाजपा के विचार कांग्रेस से मिलते थे। कांग्रेस को इसका फायदा मिल सकता है।

# सफलता की कहानीः अबूझमाड़ में फैलता संचार नेटवर्क

**दंतेवाड़ा जिले के सीमा से लगे अबूझमाड़ इलाकों में भी अब तेजी से सड़क और संचार नेटवर्क की सुविधा मिल रही है। दन्तेवाड़ा में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से संचार सुविधाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण का काम तेजी से कराया जा रहा है। दन्तेवाड़ा सीमा से लगे अबूझमाड़ में बसे गांव मालेवाही ऐसा क्षेत्र हैं, जहां वर्षो से मोबाइल नेटवर्क नहीं था। जिससे यहां रहने वाले ग्रामीणजन देश-दुनिया की उपलब्धियों, डिजीटीकरण और अनलाइन सुविधाओ से वंचित थे। गांव के लोगों को पहले एंबुलेंस बुलाने या आपातकालीन स्थिति में कई बार पहाड़ों पर चढना पड़ता था या कई किलोमीटर सफर करना पड़ता था तब बड़ी मुश्किल से बात हो पाती थी। मोबाइल टावर लगाए जाने से उन्हें आसानी से संचार सुविधा मिल रही है।**

छत्तीसगढ़ का अबूझमाड़ कहे जाने वाले क्षेत्र नारायणपुर-बीजापुर-दंतेवाड़ा जिलों जहां तक पहुंचपाना बेहद मुश्किल था। वहां के निवासी लम्बे समय से मुख्यधारा से नहीं जुड़ पाए थे। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं ने इस नामुमकिन को मुमकिन में बदल दिया है। पिछले चार सालों में इस क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की किरण हर घर तक पहुंच रही है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य के वनांचल के विकास के लिए विकास, विश्वास और सुरक्षा की रणनीति अपनाई गई है।

अबूझमाड़ में इस रणनीति के तहत सड़क और संचार नेटवर्क का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। शासन द्वारा वनांचल के दुर्गम, पहुंच विहीन, संवेदनशील स्थानों पर जहां मोबाइल नेटवर्क नहीं है, वहां नए मोबाइल टावर लगाए जा रहे हैं और मोबाइल नेटवर्क को अपग्रेड करने का भी काम किया जा रहा है। जिससे कोई भी व्यक्ति इंटरनेट सुविधा से अटूता न रह सके।

दंतेवाड़ा जिले के सीमा से लगे अबूझमाड़ इलाकों में भी अब तेजी से सड़क और संचार नेटवर्क की सुविधा मिल रही है। दन्तेवाड़ा में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से संचार सुविधाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण का काम तेजी से कराया जा रहा है। दन्तेवाड़ा सीमा से लगे अबूझमाड़ में बसे गांव मालेवाही ऐसा क्षेत्र हैं, जहां वर्षों से मोबाइल नेटवर्क नहीं था। जिससे यहां रहने वाले ग्रामीणजन देश-दुनिया की उपलब्धियों, डिजीटीकरण और अनलाइन सुविधाओ से वंचित थे। गांव के लोगों को पहले एंबुलेंस बुलाने या आपातकालीन स्थिति में कई बार पहाड़ों पर चढना पड़ता था या कई किलोमीटर सफर करना पड़ता था तब बड़ी मुश्किल से बात हो पाती थी। मोबाइल टावर लगाए जाने से उन्हें आसानी से संचार सुविधा मिल रही है। मालेवाही में मोबाइल टवर स्थापित होने से ग्रामीण जनों में उत्साह देखने को मिल रहा है। टवर लगने से सूचनाओं के आदान-प्रदान अब सहज हो गया है।

इन्टरनेट की सुविधा मिलने से ग्रामीण जनजीवन में अब तेजी से जागरूकता आ रही है। आने वाले समय में ग्रामीण अंचल में रह रहे हर वर्ग को मुख्यधारा से जोडने के साथ-साथ उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने के अवसर मिलेंगे। इसके साथ ही राज्य शासन द्वारा दुर्गम और पिछड़े इलाकों में तेजी से सड़क नेटवर्क का भी विस्तार किया जा रहा है। इन सब कार्यों से राज्य शासन की योजनाओं की पहुंच गरीब तबकों तक पहुंचना आसान हुआ है।

## नहीं पड़ेंगी नकली लेशेज की जरूरत, ये असरदार उपाय दिलाएंगे खूबसूरत और घनी पलकें

खूबसूरत आंखें हर शख्स के चेहरे का नूर बढ़ा देती हैं। अगर किसी महिला की पलकें घनी और गहरी हों, तो खूबसूरती बेमिसाल लगती है। यही कारण है कि युवतियां घनी पलकों की चाहत रखती हैं, इसलिए कई युवतियों के मन में यह यह सवाल हमेशा रहता है कि पलकें कैसे घनी बनाई जाए। ऐसे में जिन युवतियों की पलकें हल्की होती हैं, वो मेकअप और नकली लैशेज की मदद से इन्हें घना बनाने की कोशिश करती हैं। कुछ लड़कियां तरह-तरह के घरेलू नुस्खें भी अपनाती हैं। ऐसे में आज हम आपको पलकें लंबी और घनी बनाने के लिए कुछ प्रचलित घरेलू उपचार लेकर आए हैं। तो चलिए जानते है इनके बारे में.. **अरंडी का तेल** अरंडी के तेल में टी-ट्री अयल मिला लें। अब इस मिश्रण को मस्कारा ब्रश या ईयर बड की मदद से रात को पलकों पर लगाएं।रात भर इसे पलकों पर लगा रहने दें।सुबह पानी से आंखों को धो लें।इसे रोजाना रात को पलकों पर लगाकर सोएं। **विटामिन-ई** विटामिन-ई कैप्सूल में एक पिन से टेद करें अब इसका तेल निकालकर साफ उंगलियों से अपनी पलकों पर लगा लें।इस तेल को तीन-चार घंटे या पूरी रात पलकों पर लगा रहने दें।फिर सुबह साफ पानी से आंखों को धो लें।बेहतर परिणाम के लिए रोज आंखों पर विटामिन-ई कैप्सूल का तेल लगा सकते हैं। **ग्रीन-टी** एक कप गर्म पानी में ग्रीन-टी की पत्तियां डालकर कुछ देर उबाल लें।जब पानी ठंडा हो जाए।

# हर होने वाली दुल्हन के पास जरूर होनी चाहिए ये ज्वेलरी

हर लड़की के लिए शादी एक यादगार अवसर होता है और उसके पहनावे के साथ-साथ ज्वेलरी उसके इस खास दिन की चमक को और ज्यादा बढ़ा सकती हैं। नेकलेस और झुमके से लेकर मांगटीका और चूडियां, हर पीस होने वाली दुल्हन को आकर्षक लुक देने में मदद करता है। आइए आज हम आपको पांच ज्वेलरी पीस के बारे में बताते हैं, जो हर होने वाली दुल्हन के पास जरूर होने चाहिए।

**सोने या हीरे का हार** शादी के साजो-सामान में ज्वेलरी सबसे महत्वपूर्ण है और हार दुल्हन के लुक को पूरा करता है। इसके लिए आप अपनी शादी में एक हल्का गोल्डकइन हार पहन सकती हैं, जो ट्रेडिशनल लुक के लिए परफेक्ट रहेगा। अगर आप पेस्टल कलर का लहंगा पहन रही हैं तो हीरे का हार चुनें। रयल लुक के लिए आप चोकर के साथ लेयर्ड लंबा रानी हार भी ट्राई कर सकती हैं।

**खूबसूरत ईयररिंग्स** शादी का लुक खूबसूरत ईयररिंग्स के बिना अधूरा है। अगर आपने शादी के लिए क्लासिक ट्रेडिशनल लुक चुना है तो बड़ी चांदबाली या झुमके बेहतरीन विकल्प हो सकते हैं। हालांकि, अगर आप कुछ हल्का कैरी करना चाहती हैं तो शैंडलियर इयररिंग्स, स्पार्कलिंग डायमंड सलिटेयर या स्टोन वाले ईयररिंग भी चुन सकती हैं। ये आपकी शादी के विभिन्न अवसरों के लिए भी उपयुक्त हैं।

**डायमंड के आकार का मांगटीका** होने वाली दुल्हन के बीच वाले बालों पर लगाया जाने वाला मांगटीका भी एक अच्छा लुक देता है। हिंदू शादियों की महत्वपूर्ण गहनों में से एक मांगटीका होने वाली दुल्हन के पूरे लुक में एक सदाबहार आकर्षण जोड़ सकता है। इसके लिए आप मोतियों या ट्रिंकेट वाली डायमंड के आकार का मांगटीका चुन सकती हैं। वैसे आजकल माथा पट्टी भी काफी ट्रेंड में है, इसलिए इसे चुनना भी बेहतर है।

**चूडियां** चूडियां भारतीय शादी की परंपराओं को परिभाषित करती हैं और दुल्हन के लुक को आकर्षित बना सकती हैं। आप सोने या चांदी में सुंदर पोल्की या मीनाकारी वाली चूडियों का चयन कर सकती हैं। अगर आप कुछ अलग ट्राई करना चाहती हैं तो डैंगलिंग कलीरे बैंगल्स जैसे खूबसूरत स्टेटमेंट पीस भी ट्राई कर सकती हैं। आप अपने साजो-सामान में चौड़ी चूडियां या कंगन भी शामिल कर सकती हैं।

**एक नथ** नथ को नोज रिंग के रूप में भी जाना जाता है। प्राचीन काल से दुल्हनों का नथ पहनना शुभ माना जाता है। हालांकि, अगर आपकी नाक नहीं छिदी हुई है तो आप क्लिप-अन नथ का चयन कर सकती हैं। एक आसान तरीका यह है कि कुंदन वर्क और मोती की चेन वाली एक सोने की नथ को भी चुन सकती हैं।



## हावड़ा में राजमार्ग पर लुटेरों ने झारखंड की अभिनेत्री की गोली मारकर की हत्या

**हावड़ा (पश्चिम बंगाल),एजेंसी** । पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले में बुधवार को तड़के राजमार्ग पर लुटेरों ने झारखंड की अभिनेत्री की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार रिया कुमारी अपने पति प्रकाश कुमार, जो खुद को फिल्म प्रोड्यूसर बताते हैं, अपनी 2 साल की बेटी के साथ कार से राष्ट्रीय राजमार्ग-16 से होकर रांची से कोलकाता जा रही थीं। पुलिस ने बताया कि प्रकाश कुमार बागनान थाना क्षेत्र में महिषरेखा के पास शौच के लिए रुके। जल्द ही, तीन लोगों के एक गिरोह ने उन पर हमला कर दिया और उनका सामान लूटने लगे। जब रिया ने अपने पति को बचाने की कोशिश की तो लुटेरों ने उसे गोली मार दी और वहां से फरार हो गए। प्रकाश कुमार रिया को कार तक ले गया और मदद की तलाश में लगभग 3 किलोमीटर तक इधर-उधर भटकता रहा। कुलगछिया-पिरताला में राजमार्ग के किनारे उसने कुछ लोगों को देखा तो उन्हें आपबीती सुनाई। पुलिस ने कहा कि स्थानीय लोगों ने प्रकाश की, उसकी पत्नी रिया को उलुबेरिया के एससीसी मेडिकल कलेज सह अस्पताल ले जाने में मदद की, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कहा कि वह घटना की जांच कर रही है और रिया के पति प्रकाश से भी इस सिलसिले में पूछताछ कर रही है।

## सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 4 आतंकवादी ढेर

**जम्मू,एजेंसी** । जम्मू के सिधरा इलाके में बुधवार को सुबह सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में भारी हथियारों से लैस चार आतंकवादी मारे गए. पुलिस के एक अधिकारी ने इसे गणतंत्र दिवस से पहले एक बड़ी सफलता बताया. जम्मू क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (ध्त्रक्क) मुकेश सिंह ने बताया कि जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग के निकट सिधरा बाईपास इलाके में तवी पुल के पास घने कोहरे के बीच सुबह करीब साढ़े सात बजे मुठभेड़ शुरू हुई.

सेना के टाइगर डिवीजन के जनरल अफिसर कमांडिंग मेजर जनरल गौरव गौतम के साथ मौजूद सिंह ने मुठभेड़ स्थल पर बताया कि ट्रक से चार आतंकवादियों के शव बरामद किए गए हैं. उन्होंने कहा कि मारे गए आतंकवादियों के पास से सात एके राइफल, एक एम4 राइफल, तीन पिस्तौल और भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया गया है. एडीजीपी ने कहा कि कश्मीर की ओर जा रहे एक ट्रक के संदिग्ध प्रतीत होने पर उसका पीछा किया गया और सिधरा नाके के पास रोका गया. तभी उसका चालक शौच जाने के बहाने भाग निकला. सिंह ने बताया कि पुलिस ट्रक की तलाशी शुरू कर ही रही थी, तभी अंदर से गोलीबारी शुरू हो गई. मुठभेड़ के दौरान ट्रक में आग लग गई. उन्होंने कहा कि आतंकवादी भारी हथियारों से लैस थे और कश्मीर की ओर जा रहे थे जब उन्हें रोका गया. ट्रक चालक की तलाश जारी है.

## फर्जी एफबी प्रोफाइल के जरिए महिला का उत्पीडन करने के आरोप में शख्स गिरफ्तार

**पणजी ,एजेंसी** गोआ की साइबर क्राइम पुलिस ने एक ऐसे शख्स को गिरफ्तार किया है जिसने एक नाबालिग लड़की का फर्जी अकाउंट बनाकर उसकी मां से यौन संबंध बनाने की मांग की। पुलिस ने बताया कि, राजू (बदला हुआ नाम) ने अपनी शिकायत में कहा है कि एक अज्ञात व्यक्ति ने उसकी नाबालिग बेटी की फर्जी फेसबुक प्रोफाइल बनाई और उसकी पत्नी को यौन संबंध बनाने के लिए मैसेज किया। इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की।

# कांग्रेस के कश्मीर में तिरंगा फहराने की घोषणा

### ठाकुर बोले– घाटी में शांति, क्या राहुल करना चाहते हैं उसे खराब



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस के कश्मीर में तिरंगा फहराने की घोषणा के बीच केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने इस बात पर आश्चर्य जताया कि क्या राहुल गांधी ऐसे समय में घाटी में माहौल खराब करने जाना चाहते हैं जब जम्मू-कश्मीर में अनुच्टेद 370 और 35ए समाप्त होने के बाद हालात बेहतर हुए हैं और जम्मू-कश्मीर में रिकार्ड संख्या में पर्यटक आए हैं।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को कहा कि आज जम्मू कश्मीर में कोई भी, कहीं भी तिरंगा फहरा सकता है। अब कोई रोक नहीं है क्योंकि नरेन्द्र मोदी सरकार ने अनुच्टेद 370 और 35ए को समाप्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में इस वर्ष रिकर्ड संख्या में 1.60 करोड़ पर्यटक आए हैं। देश के कोने-कोने से पर्यटक जम्मू-कश्मीर आ रहे हैं और वे वहां कहीं भी जा सकते हैं। आज वहां पथराव की घटनाएं नहीं हो रही हैं, आतंकवादी मारे जा रहे हैं। इससे पता चलता है कि जम्मू-कश्मीर में हालात सुधरे हैं।

केंद्रीय मंत्री ने सवाल किया कि क्या राहुल गांधी वहां माहौल खराब करना चाहते हैं? क्या उनकी इच्छा वहां वातावरण खराब करने की है? भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने राहुल को 1992 में मुरली मनोहर जोशी और नरेन्द्र मोदी द्वारा श्एकता यात्राश निकाले जाने तथा जम्मू कश्मीर के लाल चौक पर तिरंगा फहराने की घटना की याद दिलायी। उन्होंने कहा कि तब (1992 में) वहां आतंकवादी हमले, गोलीबारी की घटनाएं हो रही थीं और यात्रा का बहुत विरोध भी किया गया था और यह स्थिति तब थी जब कांग्रेस की सरकार थी।

ठाकुर ने बताया कि 2011 में जब वह भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष थे, तब उन्होंने कोलकाता से कश्मीर तक तिरंगा यात्रा निकाली थी और यह केवल 11 वर्ष पुरानी बात है। तब केंद्र में कांग्रेस की ही गठबंधन सरकार थी और जम्मू कश्मीर में कांग्रेस-नेशनल कांफ्रेंस की सरकार ने तिरंगा यात्रा का विरोध किया था। उन्होंने कहा, श्मुझे, लोकसभा एवं राज्यसभा में प्रतिपक्ष के तत्कालीन नेताओं सुषमा स्वराज और अरुण जेटली को जेल में डाल दिया गया था।श

ठाकुर ने कहा कि तब जम्मू कश्मीर में तिरंगा फहराना मुश्किल था क्योंकि तब अनुच्टेद 370 और 35ए लागू था। लेकिन आज मोदी सरकार में जम्मू कश्मीर की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और वहां कोई भी तिरंगा फहरा सकता है। उन्होंने कहा, श्मेरा तो इनसे सवाल है कि क्या वे अनुच्टेद 370 और 35ए खत्म करने पक्ष में हैं या विरोध में हैं? ये जम्मू कश्मीर में शांति के पक्ष में हैं या विरोध में।श

ठाकुर ने पूछा कि राहुल गांधी अपना कौन एजेंडा लेकर जा रहे हैं और क्या वहां का शांतिपूर्ण माहौल खराब करना चाहते हैं? बता दें कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा सात सितंबर को कन्याकुमारी से शुरू हुई थी। यह यात्रा अगले माह कश्मीर में संपन्न होगी। अब तब भारत जोड़ो यात्रा के 110 दिन हो चुके हैं और यह तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली से गुजर चुकी है। कांग्रेस पार्टी की इस यात्रा के समापन के अवसर पर श्रीनगर में तिरंगा फहराने की योजना है।

## यूएस एससी ने ट्रंप-युग की सीमा नीति को बरकरार रखा

**वाशिंगटन ,एजेंसी।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने हजारों लोगों को मेक्सिको के साथ देश की सीमा पार करने से रोकने वाले ट्रंप-युग के शरण-सीमित उपाय को बनाए रखने के लिए मतदान किया है। 5-4 के फैसले ने निचली अदालत के उन फैसलों को पलट दिया, जिसमें मार्च 2020 से लगभग 25 मिलियन बार लागू तथाकथित टाइटल 42 नीति को 21 दिसंबर को समाप्त होना था। इसका मतलब यह है कि नीति अंतिम फैसले तक प्रभावी रहेगी। टाइटल 42, जो कोविड-19 महामारी के मद्देनजर 2020 के वसंत में लागू हुआ, अमेरिकी सीमा अधिकारियों को अमेरिका में प्रवेश की मांग करने वाले अनिर्दिष्ट प्रवासियों और शरण चाहने वालों को स्वचालित रूप से निष्कासित करने की अनुमति देता है। अदालत का निर्णय कुछ रिपब्लिकन-नेतृत्व वाले राज्यों की एक आपातकालीन अपील के जवाब में था, जिन्होंने नीति को यथावत रहने के लिए कहा था। साथ ही , सुप्रीम कोर्ट ने फरवरी 2023 के मामले में दलीलें निर्धारित कीं, जिसमें अंतिम निर्णय गर्मियों में बाद में होने की उम्मीद थी। व्हाइट हाउस ने एक बयान में जवाब दिया कि सर्वोच्च न्यायालय का आदेश वर्तमान शीर्षक 42 नीति को बरकरार रखता है, जबकि न्यायालय 2023 में मामले की समीक्षा करता है। डिपार्टमेंट अफ होमलैंड सिक्योरिटी ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर भी तंज कसा, जिसमें कहा गया था कि जो लोग अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश करने का प्रयास करते हैं, उन्हें मैक्सिको या उनके गृह देश से निष्कासित कर दिया जाएगा।

# भारत की मूल भावना पर प्रहार हो रहा: खरगे

**नई दिल्ली,एजेंसी** । कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार में भारत की मूल भावना पर लगातार प्रहार हो रहा है और नफरत की खाई खोदी जा रही है. उन्होंने पार्टी के 138वें स्थापना दिवस पर ध्वजारोहण के बाद यह भी कहा कि महँगाई, बेरोजगारी और नफरत के खघ्लिाफ लडने के लिए सबको साथ लेकर चलना होगा.

खरगे ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय में ध्वजारोहण किया.इस अवसर पर कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और कई अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित थे. खरगे ने कहा कि भारत की आजादी के आसपास कई दूसरे देश भी आजाद हुए थे. लेकिन बहुत से देशों में सत्ता की बागडोर तानाशाही ने ले ली. भारत न सिफर्ध् सफल और मजबूत लोकतंत्र बना, बल्कि कुछ ही दशकों में हम आर्थिक, परमाणु, मिसाइल, सामरिक क्षेत्र में महाशक्ति बन गये. षि, शिक्षा, मेडिकल, सूचना प्रौद्योगिकी और सेवा क्षेत्र में भारत, दुनिया के शीर्ष देशों में शामिल हो गया.

उनका कहना था कि यह सब अपने आप नहीं हुआ. यह कांग्रेस की लोकतंत्र में आस्था के कारण हुआ, सभी को साथ ले कर चलने की हमारी विचारधारा के कारण यह सब कुछ हुआ, यह ज्ञान-विज्ञान में हमारे विश्वास के चलते हुआ. उन्होंने कहा कि उस संविधान में पूरी आस्था की वजह से यह हुआ, जो सबको बराबरी के अधिकार और बराबरी के मौके देने की गारंटी देता है.खरगे ने कहा कि सोनिया गांधी के पार्टी अध्यक्ष काल में, जब संप्रग की सरकार बनी थी, तब सूचना का अधिकार कानून, शिक्षा का अधिकार कानून, खाद्य सुरक्षा कानून, मनरेगा, वन अधिकार या भूमि अधिग्रहण कघनून हो, अस्तित्व में आए. यह कांग्रेस की विचारधारा की छाप है जो उसने जनता और देश पर छोड़ी है. उन्होंने आरोप लगाया कि भारत की मूल भावना पर लगातार प्रहार हो रहा है. नफरत की खाई देश भर में खोदी जा रही है. लोग महंगाई, बेरोजगारी से त्रस्त हैं, लेकिन सरकार को इसके बारे में कोई चिंता नहीं है. खरगे ने कहा कि हमें कांग्रेस पार्टी को समावेशी बनाने के लिए युवाओं और महिलाओं को, वंचित तबकों को, बुद्धिजीवियों को जोडना होगा एवं महंगाई, बेरोजगारी और नफरत के खघ्लिाफ लडने के लिए सबको अपने साथ लेकर चलना होगा.उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में इसकी शुरुआत हो चुकी है. देश भर में फैले हमारे करोड़ों कार्यकर्ताओं को एक बार फिर से संजीवनी मिली है. यात्रा ने दिखा दिया है कि कांग्रेस की विचारधारा को देश में जबरदस्त समर्थन मिल रहा है।

## सीबीआई ने केरल के पूर्व मुख्यमंत्री ओमन चांडी को दी क्लीन चिट

**तिरुवनंतपुरम,एजेंसी** । केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने यहां मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में एक रिपोर्ट दाखिल कर केरल के पूर्व मुख्यमंत्री ओमन चांडी को यौन उत्पीडन के एक मामले में क्लीन चिट दे दी है। उन पर सौर ऊर्जा घोटाले की मुख्य आरोपी ने यह आरोप लगाया था। सूत्रों ने बताया कि सीबीआई ने मंगलवार को यहां अदालत में रिपोर्ट दाखिल की। सीबीआई ने पिछले साल चांडी, पूर्व केंद्रीय मंत्री के सी वेणुगोपाल और अन्य राजनीतिक नेताओं के खिलाफ आरोपी महिला की ओर से लगाए गए यौन उत्पीडन के आरोप से जुड़े मामलों की तफ्तीश अपने हाथ में ली थी। यूडीएफ सरकार के दौरान हुए कई करोड़ रुपये के सौर ऊर्जा पैनल घोटाले की मुख्य आरोपी महिला ने शिकायत देकर इल्जाम लगाया था कि 2012 में चांडी और अन्य ने उसका यौन उत्पीडन किया था ।

## निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण के लिए पांच सदस्यीय आयोग गठित, राम अवतार सिंह को अध्यक्ष बनाया गया



**लखनऊ , एजेंसी।** स्थानीय निकाय चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण को लेकर छिड़ी बहस के बीच बुधवार को योगी सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए प्रदेश में ओबीसी आयोग का गठन कर दिया है। रिटायर्ड जज राम अवतार सिंह की अध्यक्षता में गठित आयोग में कुल पांच सदस्य होंगे। सरकार की ओर से इसे लेकर अधिसूचना जारी कर दी गयी है। आयोग की रिपोर्ट के आधार पर ही यूपी के निकाय चुनाव में पिछड़ा वर्ग आरक्षण का निर्धारण होगा।

गौरतलब है कि मंगलवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने ओबीसी आरक्षण लागू किये बिना ही यूपी में चुनाव कराने के निर्देश सरकार को दिये थे, वहीं सरकार की ओर से स्पष्ट कहा गया था कि बिना पिछड़ा वर्ग आरक्षण के उत्तर प्रदेश में निकाय चुनाव संपन्न नहीं कराए जाएंगे। सरकार की ओर से इसे लेकर उच्चतम न्यायालय जाने की बात भी कही गयी थी। वहीं अब प्रदेश सरकार ने निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण के मद्देनजर पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन कर दिया गया है।

सरकार की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार उत्तर प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग में रिटायर्ड जज राम अवतार सिंह की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय कमेटी बनायी गयी है। इसमें रिटायर्ड आईएएस चौब सिंह वर्मा, रिटायर्ड आईएएस महेन्द्र कुमार, भूतपूर्व विधि परामर्शी संतोष कुमार विश्वकर्मा और पूर्व अपर विधि परामर्शी व अपर जिला जज बृजेश कुमार सोनी को आयोग में शामिल किया गया है। आयोग निकाय चुनाव में ओबीसी वर्ग को आरक्षण के लिए ट्रिपल टेस्ट कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। उस रिपोर्ट के आधार पर ही सरकार निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण निर्धारित करेगी।

आयोग में दो सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी और दो रिटायर विधि अधिकारी सहित सभी पांच सदस्य पिछड़े वर्ग से लिए गए हैं। आयोग के अध्यक्ष राम अवतार सिंह और सदस्य चौब सिंह वर्मा जाट समाज से है। संतोष कुमार लुहार और ब्रजेश कुमार स्वर्णकार समाज से है। सेवानिवृत्त आईएएस महेंद्र कुमार चौरसिया समाज से हैं।

## जम्मू में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में तीन आतंकवादी ढेर

**जम्मू,एजेंसी** । जम्मू के सिधरा इलाके में बुधवारको तड़के सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में कम से कम तीन आतंकवादी मारे गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। जम्मू क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) मुकेश सिह ने बताया कि जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग के निकट सिधरा बाईपास इलाके में तवी पुल के पास घने कोहरे के बीच सुबह करीब साढ़े सात बजे मुठभेड़ शुरू हुई।

एडीजीपी ने मुठभेड़ स्थल पर पत्रकारों से कहा, कश्मीर की ओर जा रहे एक ट्रक के संदिग्ध प्रतीत होने पर उसका पीछा किया गया और सिधरा नाके के पास रोका गया। तभी उसका चालक शौच जाने के बहाने भाग निकला। सिह ने बताया कि पुलिस ट्रक की तलाशी शुरू कर ही रही थी, तभी अंदर से गोलीबारी शुरू हो गई। मुठभेड़ के दौरान ट्रक में आग लग गई। ऐसा माना जा रहा है कि उसमें तीन ही आतंकवादी थे जो मारे गए।

## दक्षिण कोरिया में जन्म लेने वाले बच्चों की संख्या अक्टूबर में रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंची

**सियोल ,एजेंसी।** देश की सांख्यिकी एजेंसी द्वारा 1981 में संबंधित आंकड़ों का संकलन शुरू करने के बाद से दक्षिण कोरिया में जन्म लेने वाले बच्चों की संख्या अक्टूबर में एक और रिकर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई है। सांख्यिकी कोरिया के आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर में कुल 20,658 बच्चों का जन्म हुआ, जो पिछले वर्ष की तुलना में 0.4 प्रतिशत कम है।

1981 में सांख्यिकी कोरिया द्वारा संबंधित डेटा का संकलन शुरू करने के बाद से यह किसी भी अक्टूबर माह के लिए सबसे कम संख्या है। यह साल-दर-साल गिरावट का लगातार 83वां महीना भी था।

जनवरी-अक्टूबर की अवधि में, यहां जन्म लेने वाले बच्चों की संख्या सालाना आधार पर 4.8 प्रतिशत गिरकर 2,12,881 हो गई। दक्षिण कोरिया में बच्चे के जन्म में लगातार गिरावट आ रही है क्योंकि बहुत से युवा आर्थिक मंदी और घर की उच्च कीमतों के कारण बच्चे पैदा करने में देरी करते हैं या छोड़ देते हैं। 2020 में, नए शिशुओं की संख्या सालाना आधार पर 10 प्रतिशत गिरकर 2,72,337 हो गई। 2016 में पोस्ट किए गए 4,06,243 के बाद से देश की वार्षिक प्रसव दर साल-दर-साल कम होती जा रही है। अक्टूबर में मरने वालों की संख्या एक साल पहले की तुलना में 7.3 प्रतिशत बढ़कर 29,763 हो गई। जैसे-जैसे मृत्यु की संख्या जन्म से अधिक होती गई, अक्टूबर में देश की जनसंख्या में 9,104 की गिरावट आई, जो लगातार 36वें महीने में गिरावट का प्रतीक है। दक्षिण कोरिया ने 2020 में अपनी जनसंख्या में पहली प्रातिक गिरावट दर्ज की क्योंकि गंभीर जनसांख्यिकीय प्रवृत्ति जारी है।

इस बीच, आंकड़ों से पता चलता है कि अक्टूबर में विवाहों की संख्या साल-दर-साल 4.1 प्रतिशत बढ़कर 15,832 हो गई क्योंकि जोड़ों ने कोविड-19 नियमों में ढील दी। 2021 में, शादियों की संख्या में साल-दर-साल 9.8 फीसदी की गिरावट आई है। अक्टूबर में तलाक भी 3.1 प्रतिशत गिरकर 7,466 पर पहुंच गया।

## मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग पर रसायन से भरे टैंकर में लगी आग

**पालघर,एजेंसी** । महाराष्ट्र के पालघर जिले में मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग पर बुधवार तड़के रसायन से लदे एक टैंकर में आग लग गई, जिससे इस व्यस्त मार्ग पर कुछ घंटों के लिए यातायात प्रभावित हुआ।

कासा थाने के एक अधिकारी ने बताया कि मेधवन खिंड इलाके में टैंकर में तड़के करीब साढ़े तीन बजे आग लगी। हालांकि, इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।अधिकारी के मुताबिक, चालक और एक अन्य व्यक्ति ने वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई।

# जीव विज्ञान में भारतीय वैज्ञानिक को किया गया सम्मानित

**लंदन ,एजेंसी।** एक भारतीय वैज्ञानिक को प्रतिष्ठित यूरोपीय आणविक जीव विज्ञान संगठन (ईएमबीओ) यंग इन्वेस्टिगेटर नेटवर्क में शामिल होने के लिए चुना गया है, जो उसे यूरोप में जीव विज्ञान में शीर्ष प्रतिभाओं में से एक के रूप में मान्यता देता है।

ड महिमा स्वामी, जो बेंगलुरु से हैं, डंडी विश्वविद्यालय के स्कूल अफ लाइफ साइंसेज के सबसे सम्मानित विशेषज्ञों में से एक हैं, जहां वह एक शोध समूह की प्रमुख हैं जो आंत में प्रतिरक्षा प्रतिक्रियाओं की जांच करती हैं।

यूनिवर्सिटी के मेडिकल रिसर्च काउंसिल प्रोटीन फास्फोराइलेशन एंड यूबिक्विटीलेशन यूनिट (एमआरसी-पीपीसी) के आधार पर, महिमा ईएमबीओ प्रोग्राम के 135 वर्तमान और 390 पूर्व सदस्यों के नेटवर्क का हिस्सा बनने के लिए 23 अन्य शोधकर्ताओं के साथ जुड़ी।

महिमा ने एक बयान में कहा, मैं वास्तव में इस नेटवर्क का हिस्सा बनने और यूरोप भर में अत्याधुनिक शोध कर रहे सभी गतिशील युवा वैज्ञानिकों से मिलने के लिए उत्साहित हूं। मेरा मानना है कि इस सम्मानित समूह का हिस्सा होने से हमारे शोध में काफी मदद मिलेगी और मैं बहुत आभारी हूं लैब और मेरे सलाहकारों के समर्थन के लिए जिन्होंने मुझे यह पुरस्कार दिलाया।

उनके काम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा आंत्र रोगों का अध्ययन है कि शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली द्वारा संक्रमण के अभाव में आंत की परत पर हमला को कैसे रोका जा सकता है।

उनके शोध का उद्देश्य यह पता लगाना है कि हानिकारक आक्रमण से बचाने के लिए आंत की प्रतिरक्षा प्रणाली का बेहतर उपयोग कैसे किया जा सकता है।

ईएमबीओ यंग इन्वेस्टिगेटर प्रोग्राम उन शोधकर्ताओं के वैज्ञानिक प्रयासों का समर्थन करता है जो पिछले चार वर्षों में प्रयोगशाला समूह के लीडर बन गए हैं।

ईएमबीओ युवा शोधकर्ता अपने कार्यकाल के दूसरे वर्ष में 15,000 यूरो का पुरस्कार प्राप्त करते हैं और प्रति वर्ष 10,000 यूरो तक के अतिरिक्त अनुदान के लिए आवेदन कर सकते हैं।

एमआरसी-पीपीयू के निदेश-ाक प्रोफेसर डेरियो अलेसी ने कहा, यह अच्छी तरह से मान्यता प्राप्त है और महत्वपूर्ण शोध के लिए एक बड़ा बढ़ावा है। महिमा आंतों के एपिथेलियम को गश्त करने वाले गूढ़ इंट्रापीथेलियल लिम्फोसाइटों की जैविक भूमिकाओं को समझने पर काम कर रही हैं।

00

## पति की हैवानियत, अप्राकृतिक संबंध बनाने से मना करने पर ब्लेड से काट दिया पत्नी का प्राइवेट पार्ट

**लखनऊ,एजेंसी।** लखनऊ के मोहनलालगंज से एक ऐसा वारदात सामने आई है जिसे सुन कर आपके रोंगटे खड़े हो जाएंगी। प्रथम जानकारी के अनुसार मोहनलालगंज में पत्नी को मायके से विदा करा कर घर लाने के बाद पति ने ब्लेड से उसके प्राइवेट पार्ट पर हमला कर दिया। प्राइवेट पार्ट्स पर कई वार किए जाने से महिला लहूलुहान हो गई। सूचना मिलने पर महिला को उसके भाई ने अस्पताल में भर्ती कराया। आरोप है कि अप्रातिक संबंध बनाने से मना करने पर घटना को अंजाम दिया गया है। इंस्पेक्टर कुलदीप दुबे के मुताबिक शिवढरा निवासी युवक की शादी छह वर्ष पूर्व हुई थी। बच्चा नहीं होने पर युवक पत्नी के साथ मारपीट करता था जिससे परेशान होकर महिला तीन माह पूर्व मायके चली गई थी।

# प्रज्ञा ठाकुर के खिलाफ शिकायत, कर्नाटक पुलिस ने तहसीन पूनावाला को भेजा नोटिस

बेंगलुरू । कर्नाटक पुलिस ने भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर के खिलाफ शिकायत करने वाले तहसीन पूनावाला को जांच में शामिल होने के लिए नोटिस जारी किया है। पूनावाला वेंचर कैपिटलिस्ट और राजनीतिक विश्लेषक हैं। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पूनावाला ने अपने हालिया कर्नाटक दौरे के दौरान अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ ईशनिंदा भाषण के संबंध में मध्य प्रदेश के भाजपा सांसद प्रज्ञा ठाकुर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी।पूनावाला ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए शिवमोग्गा के पुलिस अधीक्षक जीक़े.मिथुन कुमार के पास शिकायत दर्ज कराई। शिकायतकर्ता ने एक कपी मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई को भी अटैच की थी। शिवमोग्गा में पूछताछ में शामिल होने के लिए कोटे पुलिस स्टेशन द्वारा पूनावाला को ईमेल से नोटिस भेजा गया है।प्रज्ञा ठाकुर ने शिवमोग्गा शहर में आयोजित हिंदू जागरण वेदिके के दक्षिण वार्षिक सम्मेलन में भाग लिया था और बजरंग दल के कार्यकर्ता हर्षा के आवास का दौरा किया था, जिसे हिजाब के खिलाफ अभियान चलाने के लिए मार डाला गया था।शिकायत में आरोप लगाया गया है कि प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने समारोह में अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ बेहद अपमानजनक भाषण दिया। उन्होंने लोगों से श्लव जिहाद का भी इसी अंदाज में करारा जवाब देने को कहा था।उन्होंने आगे हिंदुओं से अपनी लड़कियों की देखभाल करने और घर पर हथियार रखने के लिए भी कहा। प्रज्ञा ठाकुर ने कहा था कि हथियार न हो तो सब्जी काटने वाले चाकू की धार तेज रखें। उन्होंने हमारे हर्ष को चाकू से गोद कर मार डाला था। उन्होंने हिंदू कार्यकर्ताओं को मारने के लिए चाकुओं का इस्तेमाल किया है, हमें किसी भी घटना का सामना करने के लिए अपने चाकुओं को तेज रखना होगा। अगर हमारा चाकू सब्जियों को अच्टे से काटता है तो यह हमारे दुश्मनों पर भी कारगर हो सकता है।शिकायतकर्ता ने कहा कि साध्वी प्रज्ञा ठाकुर का भाषण अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ भीड़ की हिंसा के लिए हथियारों के इस्तेमाल का खुला आह्वान था। भाषण में एक विशेष समुदाय के खिलाफ असहिष्णुता, घृणा, हिंसा का संभावित प्रभाव है, जो एक अपराध है।पूनावाला ने पुलिस से आग्रह किया था कि प्रज्ञा ठाकुर के खिलाफ आईपीसी की धारा 153 ए के तहत धर्मों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने के लिए, 153-बी के लिए राष्ट्रीय एकता के लिए अपमानजनक बयानों के लिए, 268 के लिए सार्वजनिक उपद्रव के लिए, 295-ए के तहत धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए, 504 जानबूझकर शांति भंग करने के लिए और 505 सार्वजनिक दुर्भावनापूर्ण त्यों के तहत मामला दर्ज किया जाए।

# रमीज राजा के बयान के बाद भड़का पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड



कराची,रमीज राजा के बयान के बाद पाकिस्तान क्रिक्रेट बोर्ड भड़क गया है। बोर्ड ने रमीज राजा पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। पाकिस्तान क्रिक्रेट बोर्ड का मानना है कि पूर्व अध्यक्ष रमीज राजा की टिप्पणियों का उद्देश्य वर्तमान अध्यक्ष नजम सेठी की प्रतिष्ठा को धूमिल करना और नुकसान पहुंचाना है। पाकिस्तान क्रिक्रेट बोर्ड ने बुधवार को बोर्ड की नई प्रबंधन समिति और पूर्व अध्यक्ष के बीच औपचारिक रूप से बाहर निकलने के बाद वाकयुद्ध छिड़ा है।

पीसीबी ने एक बयान में कहा, पाकिस्तान क्रिक्रेट बोर्ड ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर और एक टीवी साक्षात्कार में पीसीबी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नजम सेठी के खिलाफ पूर्व अध्यक्ष रमीज राजा द्वारा की गई टिप्पणियों और इस्तेमाल की गई भाषा पर निराशा व्यक्त की है।

नजम सेठी की प्रतिष्ठा को धूमिल करने की कोशिश

बयान में कहा गया कि ह्लपीसीबी का मानना है कि पूर्व अध्यक्ष राजा की टिप्पणियों का उद्देश्य वर्तमान अध्यक्ष नजम सेठी की प्रतिष्ठा को धूमिल करना और नुकसान पहुंचाना है। पीसीबी अपने अध्यक्ष और संस्था की छवि और विश्वसनीयता की रक्षा और बचाव के लिए कानूनी कार्यवाही करने का अधिकार रखता है।

**पीसीबी से निकाले जाने के बाद भड़के थे रमीज राजा**

गौरतलब हो कि पिछले गुरुवार को, राजा को देश की सरकार ने पीसीबी अध्यक्ष के पद से हटा दिया था। जिसने अगले चार महीनों के लिए खेल के मामलों को चलाने के लिए नजम सेठी की अध्यक्षता में 14 सदस्यीय समिति नियुक्त की थी। अपनी बर्खास्तगी के बाद, राजा ने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा संविधान को निलंबित किए जाने के बाद उन्हें बोर्ड से अपना सामान भी लेने की अनुमति नहीं दी गई।

## मुंबई इंडियंस ने जे अरूणकुमार को सहायक बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया

**—आईपीएल 2023**

मुंबई, पांच बार की आईपीएल चैम्पियन मुंबई इंडियंस ने घरेलू क्रिकेट में 16 साल तक शानदार प्रदर्शन करने वाले जे अरूणकुमार को सहायक बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया है.

दाहिने हाथ के सलामी बल्लेबाज अरूणकुमार ने 100 से अधिक प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं . उन्होंने 1993 से 2008 के बीच कर्नाटक के लिये घरेलू क्रिक्रेट खेला. क्रिक्रेट को अलविदा कहने के बाद वह कर्नाटक के बल्लेबाजी कोच बने जब उनकी टीम ने रणजी ट्रॉफी, ईरानी कप और विजय हजारे ट्रॉफी जीती थी. वह पुडुचेरी टीम के मुख्य कोच भी रहे और 2020 से अमेरिका की राष्ट्रीय क्रिक्रेट टीम के मुख्य कोच हैं.

# धोनी की बेटी जीवा को मिली मेसी के सिग्नेचर वाली जर्सी



नईदिल्ली, फीफा विश्व कप 2022 का फाइनल फुटबॉल के दीवानों द्वारा देखा गया अब तक का सबसे रोमांचक फुटबॉल खेल था। अर्जेंटीना और फ्रांस के बीच रोमांचक मुकाबले के बाद लियोनेल मेसी अपनी टीम को जीत दिलाने में सफल रहे। लियोनेल मेसी के सबसे कम उम्र के फैंस में से एक जीवा को हाल ही में सोशल मीडिया पर फैनगर्लिंग करते हुए देखा गया था।

दो बार के विश्व कप चैंपियन महेंद्र सिंह धोनी की बेटी जीवा धोनी ने उस जर्सी की फोटो पोस्ट की जो अर्जेंटीना के दिग्गज लियोनेल मेसी ने उन्हें दी। फुटबॉल खिलाड़ी को महान खिलाडियों में से एक माना जाता है और भारत में भी उनके बहुत फैंस हैं। भारत के पूर्व कप्तान एमएस धोनी एक उत्साही फुटबॉल फैन और मेसी के बहुत बड़े फैन हैं।फीफा विश्व कप 2022 में फ्रांस के खिलाफ अर्जेंटीना के मैच से पहले, धोनी ने मेसी के बारे में एक ट्वीट भी किया । एमएस धोनी की बेटी जीवा सिंह धोनी इस समय सबसे खुश फैन हो सकती हैं क्योंकि 7 साल की प्यारी बच्ची को दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी के साइन वाली अर्जेंटीना जर्सी मिली है।

फोटो में मेसी के सिग्नेचर और फॉर जीवा शब्द दिखाई दे रहे हैं, जिसका अनुवाद जीवा के लिए है। इंस्टाग्राम कैप्शन यह स्पष्ट करता है कि जीवा का फुटबॉल और लियोनेल मेसी के प्रति आकर्षण उनके पिता से आया है । सोशल मीडिया पर शेयर किए जाने के बाद से इस आर्टिकल को 2 लाख से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं।

## अर्शदीप आइसीसी इमर्जिंग क्रिकेटर पुरस्कार की दौड़ में, रेणुका और यास्तिका का भी नाम शामिल



नई दिल्ली, भारत के युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को बुधवार को आईसीसी मेन्स इमर्जिंग क्रिक्रेटर आफ द ईयर 2022 पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया। उनके अलावा दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज मार्को जानसेन, अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान और न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज फिन एलन को भी नामित किया गया है। वहीं, वूमेन्स इमर्जिंग क्रिक्रेटर ऑफ द ईयर के लिए भारत की तेज गेंदबाज रेणुका ठाकुर और बल्लेबाज यास्तिका भाटिया को नामित किया गया। इन दोनों के अलावा इंग्लैंड की हरफनमौला खिलाड़ी एलिस कैप्सी और आस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज डार्सी ब्राउन को भी नामांकित किया गया है। अर्शदीप इस साल टी20 में जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में उन्होंने आस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप में दस विकेट लेते हुए शानदार गेंदबाजी की। इस साल जुलाई में इंग्लैंड के खिलाफ अपने टी20 डेब्यू के बाद से उन्होंने 21 मैचों में 18.12 की औसत, 13.30 की स्ट्राइक रेट और 8.17 की इकॉनमी से 33 विकेट लिए हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने डेथ ओवरों में यॉर्कर फेंकने की क्षमता से सभी को प्रभावित किया।

**अर्शदीप ने पाकिस्तान के खिलाफ किया डेब्यू**

अर्शदीप को भारत के हालिया न्यूजीलैंड दौरे पर वनडे डेब्यू भी कराया गया था और अब श्रीलंका के खिलाफ टी20 और वनडे टीम में 23 वर्षीय गेंदबाज को शामिल किया गया है। इससे उनका भविष्य उज्जवल दिखाई दे रहा है। 2022 का उनका यादगार प्रदर्शन टी20 विश्व कप के भारत–पाकिस्तान मैच में आया और 90,000 से अधिक दर्शकों के सामने अर्शदीप बड़े मंच पर खुद को साबित करने में सफल रहे।

## बांग्लादेश कोच पद से डोमिंगो ने दिया इस्तीफा

ढाका,रसेल डोमिंगो ने भारत से घरेलू श्रृंखला में मिली हार के बाद बांग्लादेश के मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दे दिया ।

डोमिंगो सितंबर 2019 में स्टीव रोड्स को मुख्य कोच पद से हटाये जाने के बाद बांग्लादेश टीम से जुड़े थे । उनका कार्यकाल 2023 विश्व कप के बाद तक था ।बांग्लादेश क्रिक्रेट बोर्ड के क्रिकेट परिचालन प्रमुख जलाल युनूस ने क्रिकबज को बताया , डोमिंगो ने कल इस्तीफा दे दिया है जो तुरंत प्रभाव से स्वीकार कर लिया गया है ।

डोमिंगो के कार्यकाल में बांग्लादेश ने आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखलायें जीती और न्यूजीलैंड में पहला टेस्ट जीता । इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका और भारत के खिलाफ वनडे श्रृंखलायें भी जीती । भारत के खिलाफ पहला टेस्ट 188 रन से हारने के बाद बांग्लादेश ने दूसरा टेस्ट तीन विकेट से गंवाया ।मीरपुर टेस्ट के बाद ही युनूस ने बदलाव के संकेत दिये थे ।

## श्रीलंका के खिलाफ टी—20 सीरीज में हार्दिक कप्तान



मुंबई, श्रीलंका के खिलाफ तीन जनवरी से शुरू होने वाली तीन मैचों की टी–20 श्रृखंला में हरफनमौला हार्दिक पांड्या भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे वहीं अंगूठे की चोट से ग्रसित नियमित कप्तान रोहित शर्मा एक दिवसीय श्रृखंला में वापसी करेंगे। भारतीय क्रिक्रेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार देर शाम श्रीलंका के खिलाफ टी–20 और एक दिवसीय श्रखंला के लिये भारतीय टीम की घोषणा की।टी–20 विश्वकप में धाकड़ प्रदर्शन करने वाले सूर्य कुमार यादव श्रीलंका के खिलाफ टी–20 सीरीज में भारत के उप कप्तान की भूमिका भी निभायेंगे। बांग्लादेश दौरे पर भारत के कार्यवाहक कप्तान के एल राहुल और विराट कोहली को टी–20 सीरीज के लिये भारतीय टीम में जगह नहीं दी गयी है वहीं रिषभ पंत को भी टीम में जगह नहीं मिली है। यूपी के शिवम मावी और बंगाल का प्रतिनिधित्व करने वाले तेज गेंदबाज मुकेश कुमार टी–20 सीरीज के जरिये भारतीय टीम में पदार्पण करेंगे।

एक दिवसीय टीम में शिखर धवन एक बार फिर जगह बनाने में असफल रहे हैं वहीं हार्दिक पांड्या एक दिवसीय श्रृखंला में भारत के उपकप्तान होंगे जबकि के एल राहुल विकेटकीपर की भूमिका में नजर आयेंगे। टीम इस प्रकार है।

टी–20 :– हार्दिक पांड्या (कप्तान), इशान किशन (विकेटकीपर), रुतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव (उपकप्तान), दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, संजू सैमसन, वाशिगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिह, हर्षल पटेल, उमरान मलिक , शिवम मावी, मुकेश कुमार।

एक दिवसीय :– रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या (उपकप्तान), वाशिगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, मो. शमी, मो. सिराज, उमरान मलिक, अर्शदीप सिंह ।

**फिल्मी गपशप**

# तनीषा संतोषी ने अपना फर्स्ट लुक रिलीज कर लोगों से लिया आशीर्वाद



नई दिल्ली, बॉलीवुड फिल्म निर्देशक राजकुमार संतोषी कई सालों बाद निर्देशन के क्षेत्र में गांधी गोडसे एक युद्ध वापसी कर रहे हैं। फिल्म का टीजर रिलीज होते हुए फैंस इस फिल्म का काफी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब उन्होंने अपने फिल्म से कलाकारों के फर्स्ट लुक रिलीज कर शुरू कर दिया है। बुधवार को उन्होंने गांधी गोडसे फिल्म से फिल्मी दुनिया में डेब्यू कर रहीं अपनी बेटी तनीषा संतोषी का फर्स्ट लुक रिवील कर दिया है। इस फर्स्ट लुक पोस्टर में तनीषा किसी से मिलने के बाद बेहद उत्साहित दिख रही हैं और मुस्कुराती हुई दिख रही हैं। हालांकि अभी तनीषा के किरदार के बारे में मेकर्स ने ज्यादा जानकारी साझा नहीं की है। पोस्टर में तनीषा को पीले दुपट्टे के साथ प्रिंटेड नारंगी सूट पहने देखा जा सकता है। उनके माथे पर बिंदी उनके लुक को और भी खूबसूरत बना रहा है।

लोगों से मांगा आशीर्वाद और प्यार

वहीं, तनीषा ने अपनी पहली गांधी गोडसे एक युद्ध से अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर कर आभार जाता है और उन्होंने लिखा, मैं इस पल का काफी लंबे समय से इंतजार कर रही थी और आखिरकार यह आ गया! मैं इस तरह की एक फिल्म का एक छोटा सा हिस्सा बनने के लिए बेहद आभारी हूं हूं, जिसको एक दूरदर्शी फिल्म निर्माता ने बनाया है। अपने किरदार का पहला लुक साझा करते हुए बेहद भावुक महसूस कर रही हूं। मुझे आप सभी के आशीर्वाद और प्यार की जरूरत है।

वहीं, मंगलवार को मेकर्स ने अपनी इस फिल्म का मोशन पोस्टर और फर्स्ट लुक जारी किया था। वीडियो में महात्मा गांधी और नाथूराम गोडसे के बीच विचारधाराओं के युद्ध को दिखाया गया है, जिससे फिल्म देखने के लिए दर्शकों के बीच एक दिलचस्प गतिरोध पैदा कर दिया है। मोशन पोस्टर में महात्मा गांधी और नाथूराम गोडसे के किरदारों को आमने–सामने एक–दूसरे के प्रति विचारों अपने का युद्ध करते दिखाया गया है।

मोशन पोस्टर की शुरुआत नाथूराम गोडसे द्वारा बोले गए शब्दों से होती है, जिसमें वो गांधी की हत्या करने की बात कर रहे हैं। इसके बाद फिल्म में किरदार निभा रहे सभी किरदार का परिचय कराया जाता है। महात्मा गांधी का किरदार दीपक अंतानी निभा रहे हैं, जबकि चिन्मय मांडलेकर नाथूराम गोडसे के किरदार में नजर आ रहे हैं।

**पठान से होगा मुकाबला**

इस मोशन पोस्टर को जारी कर मेकर्स ने अपनी फिल्म की रिलीज डेट का भी एलान कर दिया है। उनकी इस फिल्म का मुकाबला अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली शाह रुख खान की मोस्ट अवेटेड फिल्म पठान के साथ होने वाला है।

## फेम राम चरण को महंगी घड़ियों का शौक

नई दिल्ली, फिल्म आरआरआर में नजर आ चुके राम चरण को घड़ियों का शौक है। उनके पास सात ऐसी घड़ियां हैं, जिनकी कीमत लाखों से करोड़ों रुपये है। राम चरण अपने फैशन सेंस से सभी को चकित कर देते हैं। न सिर्फ घड़ियां बल्कि उनके कपड़े भी काफी महंगे होते हैं। राम चरण ऑन स्क्रीन काफी दमदार प्रेजेंस रखते हैं लेकिन क्या आप जानते हैं कि उनकी घड़ियों का कलेक्शन 18 लाख से 3 करोड़ रुपये का है। वहीं, ब्रांड की बात की जाए तो वह रोलेक्स, रिचर्ड मिले जैसे कई मास्टर पीस के मालिक है।

**रोलेक्स यॉट—मास्टर क्क**

राम चरण की सबसे महंगी घड़ियों में से एक की बात की जाए तो रोलेक्स यॉट–मास्टर क्कहै, जिसकी कीमत 13 लाख है और यह 18 कैरेट सोने से बनी हुई है।

**आरएम 61—01 योहान ब्लेक**

राम चरण की आरएम 61–01 योहान ब्लेक मिले वॉच 3 करोड़ रुपये की है। वे इसे बहुत कम अवसर पर पहनते नजर आते है।

**पाटेक फिलिप नॉटिलस क्रोनोग्राफ**

राम चरण की इस घड़ी की कीमत इंपोर्ट ड्यूटी और टैक्सों को मिलाने पर 68 लाख से 1 करोड़ रुपये है।

**हबलोट किंग पावर लिमिटेड एडिशन**

इस गाड़ी की कीमत 18 लाख है और यह लिमिटेड एडिशन टाइम पीस है। इस घड़ी को आरआरआर के प्रमोशन के दौरान राम चरण इसे कई बार पहने हुए नजर आए है।

## सुसाइड से एक हफ्ते पहले आया था पैनिक अटैक, एक्ट्रेस की मां ने कहा— शीजान खान ने दिया धोखा



नई दिल्ली,एक्ट्रेस तुनीषा शर्मा ने शनिवार को आत्महत्या कर ली है। इस बीच मुंबई पुलिस ने उनके ब्वॉयफ्रेंड और अभिनेता शीजान मोहम्मद खान को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अब तुनीषा शर्मा की मां वनीता ने एक वीडियो जारी कर बेटी की आपबीती सुनाई है। दरअसल तुनीषा शर्मा को एक हफ्ते पहले पैनिक अटैक आया था और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने यह चेतावनी भी दी थी कि तुनीषा की कंडीशन ठीक नहीं है। इस बात की जानकारी तुनीषा की मां ने पुलिस को भी दी है।

**तुनीषा शर्मा की मां की शिकायत पर ही शीजान खान को गिरफ्तार किया गया है**

मृतक की मां की शिकायत पर ही मुंबई पुलिस ने शीजान मोहम्मद खान को गिरफ्तार किया है। मां ने अपने वक्तव्य में कहा है कि दोनों जून से टीवी सीरीज अलीबाबा दास्तान ए कबूल की शूटिंग कर रहे थे, जिसमें शीजान मुख्य भूमिका में था। तनीषा ने अपनी मां को बताया था कि वह और शीजान रिश्ते में है और उनका परिवार उन्हें बहुत पसंद करता है लेकिन हाल ही में उन्होंने अपनी मां से रोते हुए कहा था कि शीजान ने उनके साथ ब्रेकअप कर लिया है। 16 दिसंबर को तुनीषा को पैनिक अटैक आया था और फिर उन्हें मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने उनकी मां से यह भी कहा कि तुनीषा की मानसिक और शारीरिक कंडीशन ठीक नहीं है।

## वरुण धवन ने नाचते—गाते खास अंदाज में साल 2022 को कहा अलविदा



नई दिल्ली, साल 2022 खत्म होने के कुछ ही दिन शेष है और ऐसे में बॉलीवुड अभिनेता अपने चाहने वालों को नए साल में प्रवेश करने और नई शुरुआत करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इसी क्रम में अब अभिनेता वरुण धवन ने एक वीडियो साझा किया है, जिसमें वो साल 2022 को अपने खास अंदाज में अलविदा कह रहे हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि अभिनेता शर्टलेस होकर अपनी फिल्म जुग जुग जियो के एक गाने पर डांस कर रहे हैं और अपने चाहने वालों को साल 2022 को एक अच्छे मोड़ पर अलविदा बोलने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इस वीडियो को इंस्टाग्राम पर शेयर कर अभिनेता ने लिखा, एक अच्छे नोट पर 2022 को अलविदा, जुग जुग जियो सभी लोग। वरुण धवन द्वारा शेयर इस वीडियो को सोशल मीडिया पर उनके चाहने वाले खूब पसंद कर रहे हैं और कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

सिटाडेल फ्रेंचाइजी से मिलाया हाथ

हाल ही में वरुण धवन के सिटाडेल फ्रेंचाइजी की इंडियन ओरिजिनल सीरीज से जुड़ने की खबरें सामने आई थी, जिसमें बताया गया था कि भारत की अनटाइटल्ड सिटाडेल सीरीज में वरुण धवन मुख्य भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे। सिटाडेल सीरीज को राज और डीके की सुप्रसिद्ध जोड़ी निर्देशन करेगी। अभिनेता की ये सीरीज अगले साल 2023 में शुरू होगी।

**जयन्त**
**संस्थापक**
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com